दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली ।। गुरूवार 07 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 148 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# कमांडर के आदेश से विपक्ष के दावेदारों पर भगवा रंग डालने निकल पड़े पप्पू पहलवान



# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। गुरूवार 07 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 148 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3













## चुनाव आयोग की राहुल गांधी को सलाहः पनौती और जेबकतरे के इस्तेमाल से करें परहेज



नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में सतर्क रहने की सलाह जारी की है। आयोग का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भविष्य में अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले चुनाव आयोग से कहा था कि वह पिछले साल नवंबर में अपने भाषण के लिए कांग्रेस सांसद के खिलाफ उचित कार्रवाई करे। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं पर हमला करते हुए जेबकतरे शब्द का इस्तेमाल किया था। चुनाव आयोग ने पीएम मोदी पर पैनौती और जेबकतरे वाले तंज को लेकर राहुल गांधी को नोटिस भी जारी किया था।

सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने इस साल एक मार्च की अपनी सलाह दोहराई और कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान इसका गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं।

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से सार्वजनिक बयान देते समय सभी दलों, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को आयोग की सलाह का ध्यान रखने को कहा है। चुनाव आयोग ने पिछले सप्ताह सभी राजनीतिक दलों को सार्वजनिक प्रचार में मयार्दा और अत्यधिक संयम बनाए रखने और चुनाव प्रचार के स्तर को बढ़ाने के लिए एक सलाह जारी की थी। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग आगामी चुनावों में समय और सामग्री के संदर्भ में दिए जाने वाले नोटिस पर फिर से काम करने के लिए उचित आधार के रूप में सलाह के अनुसार किसी भी अप्रत्यक्ष एमसीसी उल्लंघन का आकलन करेगा।

बता दें कि जल्द ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। माना जा रहा है अप्रैल और मई में देशभर में वोट डाले जाएंगे। कुछ ही दिनों में चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है। मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का विपक्ष के गठबंधन वाले इंडिया अलायंस से होगा। बीजेपी का दावा है कि इस बार उनकी पार्टी 370 और एनडीए 400 सीटें जीतने जा रहा है तो कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन ने अपनी जीत का दावा किया है। पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में कुल सात चरणों में 11 अप्रैल से 19 मई तक वोट डाले गए थे और नतीजों का ऐलान 23 मई को हुआ था।

# आज होगा 50 स्थानों पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का भव्य स्वागत



**लखनऊ, करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद साहिबाबाद के लोकप्रिय विधायक सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्प गुलदस्ता देकर उनका शुक्रिया अदा किया।**

गाजियाबाद करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री बनाए जाने के बाद जब सुनील शर्मा गाजियाबाद की धरती पर कदम रखेंगे तो यहां भाजपा कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। यूपी बॉर्डर से लेकर बीजेपी महानगर कार्यालय तक 50 से भी अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत होगा। युवा मोर्चा से लेकर निगम पार्षद अपने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत करेंगे। बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि स्वागत की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### संजीव शर्मा ने बड़े और भव्य स्वागत की कर ली तैयारी



**करंट क्राइम।** संजीव शर्मा को ऐसी ही टीआरपी का बादशाह नही कहा जाता है। वो बड़े दिल से बड़ा आयोजन करने की क्षमता रखते हैं। सुनील शर्मा के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर उनके भव्य स्वागत की पूरी तैयारी पूरी थीम संजीव शर्मा ने तैयार की। कौन कहां स्वागत करेगा इसकी पूरी लिस्ट तैयार की। पार्टी दफ्तर पर बैठ कर एक एक प्वाइंट पर काम किया। कार्यक्रम शानदार हो इसे सुनिश्चित किया।

## पूरी भाजपा एक साथ बोलेगी जिंदाबाद

करंट क्राइम। भगवा कमांडर की थीम ऐसी है कि पूरी बीजेपी टीम इस स्वागत के फूलों में दिखाई देगी। यूपी गेट पर भगवा कमांडर संजीव शर्मा स्वागत करेंगे और उनके साथ खोड़ा मकनपुर तथा इंदिरापुरम के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। कौशांबी थाने पर पूर्व पार्षद मनोज गोयल स्वागत करेंगे। डाबर चौक पर बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढा अपनी टीम के साथ सुनील शर्मा का वेलकम करेंगे। ाहानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के अनुसार, कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा दोपहर 2:00 बजे यूपी बॉर्डर आगमन पर स्वयं समस्त महानगर पदाधिकारी के साथ स्वागत करेंगे, उसके उपरांत कौशांबी थाना, डाबर, वैशाली मेट्रो, कंट्री इन होटल, साहिबाबाद मंडी, साहिबाबाद गांव, मोहन नगर, रोडवेज बस अड्डा, मोहन नगर मंदिर, अर्थला पीर, चौधरी चरण सिंह मूर्ति, मेरठ रोड, नंदग्राम मोड, पटेल नगर कट, सेवा नगर, आर्य नगर चौराहा, लोहिया नगर, हिंदी भवन, बसंत चौक, नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक, नेहरू नगर, होली चाइल्ड चौराहा आदि स्थान से होते हुए नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे।

**भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद**

**भाजपा महानगर के नेतृत्व मे मा0 सुनील शर्मा जी कैबीनेट मंत्री बनने पर गाजियाबाद मे प्रथम आगमन पर स्वागत कार्यक्रम**

| स्थान | प्रमुख |
| --- | --- |
| यूपी गेट | श्री संजीव शर्मा<br>खोडा मकनपुर खोडा मण्डल एवं इन्दिरापुरम कार्यकर्ता |
| कौशाम्बी थाना | श्री मनोज गोयल |
| डाबर चौक | सचिन डेढा युवा मोर्चा द्वारा |
| वैशाली मेट्रो | श्री राजकुमार सिह श्रीमती नीलम भारद्वाज श्री गौरव सोलंकी |
| कंट्री इन होटल लिंक रोड | श्री सुधीर त्यागी समस्त मण्डल कार्यकर्ता |
| प्रहलाद गढी | श्री नरेश भाटी श्री राजीव शर्मा |
| साहिबाबाद मण्डी | श्री महेन्द्र चौधरी श्री सतेन्द्र चौधरी श्री अनिल शर्मा |
| साहिबाबाद गांव | श्री हिमांशु चौधरी |
| मोहन नगर रोडवेज | श्री सचिन डागर |
| मोहन नगर मंदिर | श्री पप्पू पहलवान भौपुरा,शालीमार गार्डन, लाजपतनगर मण्डल कार्यकर्ता |
| अर्थला पीर | श्री बिजेन्द्र चौहान श्री दीपक राघव मण्डल अध्यक्ष |
| चौधरी चरण सिह मूर्ति मेरठ रोड | श्री पंकज राय श्री संजय त्यागी |
| नन्दग्राम मोड | श्री विरेन्द्र त्यागी |
| पटेल नगर कट | श्री संजय कांत शर्मा |
| सेवा नगर कंसल हास्पिटल के सामने | श्री राकेश पण्डित श्री जयकिशन पाल |
| आर्यनगर चौराहा | श्री महिम गुप्ता |
| लोहिया नगर मोड | श्री प्रदीप चौहान |
| हिन्दी भवन मोड | श्री कुलदीप त्यागी |
| बसंत सिनेमा | श्री राजेन्द्र तितौरिया श्री लोकेश गर्ग |
| नरेन्द्र मोहन हास्पिटल नेहरू नगर | श्री ओमदत्त कौशिक श्री पप्पू नागर |
| होली चाईल्ड चौराहा | श्री पंकज भारद्वाज |
| कार्यालय मोड | श्री महिला मोर्चा |

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहेगी पुलिस

### हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के आसपास ड्रोन और हॉट बैलून उड़ाने पर रोक

### फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से लेकर नियम तोड़ने वालों पर रहेगी नजर

गाजियाबाद, करंट क्राइम । 8 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिंडन एयर फोर्स स्टेशन में कार्यक्रम है। जिसमें वह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगी, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन में खासतौर पर सुरक्षा और सतर्कता रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-144 को बुधवार से लेकर शुक्रवार देर रात्रि तक बढ़ाने के साथ पालन कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर 2 किलोमीटर के क्षेत्र को नो प्लाईंग जोन जिसमें ड्रोन और अस्थाई रेड जोन घोषित कर दिया गया है। जहां पर किसी प्रकार का ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट बैलून उड़ाने पर रोक लगा दी गई है।



### बिना पास के नहीं मिलेगी एंट्री

**करंट क्राइम।** राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल हिंडन एयरपोर्ट स्टेशन को रखा गया है। यहां वीवीआईपी मार्ग और हवाई मार्ग से कई प्रमुख नेता पहुंचेंगे। जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी रहना है। इस दौरान हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के गेट पर केवल पास के जरिए ही एंट्री होगी। आयोजको और मीडियाकर्मियों के अलावा किसी को भीतर नहीं जाने दिया जाएगा। अंदर की सुरक्षा का जिम्मा वायु सेवा के जवानों और गरुड़ कमांडो के हवाले रहेगा। तो वहीं बाहर भी ट्रिपल लेयर में पुलिस की व्यवस्था को लागू किया गया है। इसके साथ ही यातायात पुलिस के जवानों को भी यूपी गेट से लेकर हिंडन एयरबेस के मुख्य मार्ग तक ड्यूटी चार्ट बना दिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि मुख्य अतिथि के कार्यक्रम में सड़क मार्ग और हवाई मार्ग दोनों से आने के कार्यक्रम की रिहर्सल भी कर ली गई है।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसीपी



**करंट क्राइम। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के सभी मनकों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के साथ जानकारी यह है कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर कई जिलों से फोर्स और पुलिस के अधिकारियों को भी राष्ट्रपति कार्यक्रम के लिए कमिश्नरेट में ड्यूटी प्रदान की गई हैं।**

# आज रात 12 बजे से शुरू होगा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लगेगा 151 व्यंजनों का विशेष भोग

### सुरक्षा से लेकर पूजन की सभी तैयारियां की गई पूर्ण

गाजियाबाद, करंट क्राइम । फागुन मास में होने वाली भगवान भोलेनाथ की महाशिवरात्रि महोत्सव की दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पुलिस प्रशासन से लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने यहां डेरा डाल दिया है। इसी के साथ भगवान भोलेनाथ के इस प्राचीन शिव मंदिर में सभी सजावट और जलाभिषेक को लेकर भी कर दी गई है। गुरुवार रात 12 बजे से यहां महाशिवरात्रि पर्व का जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू होगा, जो 8 तारीख की देर रात्रि तक जारी रहेगा। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत और जूनाअखाड़े के प्रवक्ता मंहत नारायण गिरी का कहना है कि इस बार विशेष संयोग है। ऐसे में भगवान भोलेनाथ पर गंगाजल चढ़ाने से शिव भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होगी।





### शिवलिंग पर होगा विशेष श्रृंगार और नौ बजे निकलेगी शिव बारात

करंट क्राइम। गुरुवार को महाशिवरात्रि की पूर्व रात्रि के चलते भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर खास सजावट की जाएगी। जिसमें भगवान शिव को पसंद आने वाले सभी पदार्थ अर्पित किए जाएंगे। साथ ही शाम 7 बजे आरती होने के बाद 9 बजे भगवान भोलेनाथ की शिव बारात निकाली जाएगी। जिसमें बैंडबाजे के साथ नन्दी और भूत पिशाचगण शामिल होंगे। इस दौरान मंदिर परिसर में फूलों और कपड़ों के पर्दो से विशेष सजावट भी की गई है। शिव भक्तों को जलाभिषेक करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए नगर निगम की ओर से सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग कर दी गई है।

### सुरक्षा का रहेगा पूरा प्रबंध, अधिकारी लेंगे पूजन का जायजा

करंट क्राइम।पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने यहां मंगलवार को निरीक्षण किया। तो वहीं रविवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने भी यहां का हाल जाना था। इसी के साथ प्रतिदिन डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी सिटी रविंदर वर्मा, घंटाघर कोतवाली प्रभारी दिनेश सिंह सहित पुलिस बल को भारी संख्या में सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया गया है। यहां सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए भी पुलिस सुरक्षा की निगरानी रखेगी।

## 500 बेड के अस्पताल का शुभारंभ कर सीएम बोले

# पहले इटावा और सैफई के नाम से लोग डरते थे, अब ऐसा डर नहीं

**इटावा ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा के सैफई में 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहले लोग इटावा और सैफई के नाम से डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं।

इटवा के सैफई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री योगी सैफई मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम के मंच पर पहुंचे तो तालियां बजाकर उनका लोगों ने स्वागत किया। कुलपति प्रोफेसर/डॉक्टर प्रभात कुमार ने अस्पताल की उपलब्धियां बताई। मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा राज्य मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, सांसद राम शंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ऑडिटोरियम से ही 500 बेड अस्पताल का शुभारंभ करेंगे।



वहीं पैरामेडिकल के 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी देंगे। अस्पताल में आने वाले मरीज और तीमारदारों के लिए गेट नंबर-2 और 3 से प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान मुलायम सिंह यादव को सैफई में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए श्रद्धांजलि दी। कहा कि उनके इस विश्विद्यालय के बनवाने की वजह से पूरे भारत के छात्र यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इटावा के नाम से लोग डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों की कानाफूसी करने की आदत रही है। कहा अब अपना और पराया नहीं होता। अब अब सबके लिए काम होता है। मोदी जी के सबका विकास के उद्देश्य के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए रुपये की कमी नहीं। 108 और 102 के रिस्पॉन्स टाइम को काम किया है। हर जनपद में एडवांस लाइफ सपोर्ट की चार से पांच गाड़ियां हैं। जहां पहले पूरे प्रदेश में छह-सात कार्डिक की गाड़ियां थीं।

अब सभी जनपद में हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार कोई भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार नारियल फोड़कर शुभारंभ तो कर देते थे, लेकिन बजट नहीं देते थे। मेडिकल कॉलेज को टोकन मनी के नाम पर एक लाख रुपये दिए जाते थे।

सपा का बिना नाम लिए तंज कसा कि आज नियुक्ति पत्र पाने वालों के चहरे पर शिकन नहीं थी। अब इटावा और सैफई के नाम से डर नहीं लगता। 1996 का जिक्र करते हुए कहा कि वह जयपुर से आगरा रात में पहुंचे थे। वहां से कानपुर जाने के लिए पुलिस वालों ने मना कर दिया कि रात में न जाएं, इटावा पड़ेगा। अब ऐसा डर नहीं है।

## जिला कारागार से कोर्ट तक धनंजय सिंह के समर्थकों की भारी भीड़, लगाए नारे

**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह के साथ बुधवार को उनको समर्थक भी एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। भारी संख्या में पहुंचे समर्थकों ने जमकर नारे भी लगाए। इस दौरान पुलिस की टीमें लोगों को कोर्ट के सामने से हटाते हुए दिखी। जौनपुर के जिला अदालत में धनंजय सिंह की पेशी के दौरान उनके समर्थक भी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। कोर्ट परिसर में अंदर से लेकर बाहर तक पुलिस भी चप्पे-चप्पे पर अलर्ट दिखी। दूसरी तरफ, धनंजय सिंह के समर्थक भी कोर्ट के फैसले का इंतजार करते रहे। साथ ही बहस को लेकर भी तरह-तरह की चचाएं हो रहीं थीं।





### यह था मामला

मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी व अन्य धाराओं में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व उनके साथी विक्रम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा था कि रविवार की शाम को पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने अपने साथी विक्रम सिंह के साथ दो व्यक्ति पचहटिया स्थित साइड पर पहुंचे। वहां फॉर्च्यूनर गाड़ी में वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास मोहल्ला कालीकुत्ती में ले गए। वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए वादी की फर्म को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव डालने लगे। वादी के इनकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगा। किसी प्रकार उनके चंगुल से निकलकर वादी लाइन बाजार थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया। पुलिस ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को उनके आवास से गिरफ्तार करके कोर्ट में दूसरे दिन पेश किया। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यहां की अदालत से जमानत निरस्त हुई। बाद में उच्च न्यायालय से जमानत मिली।

धनंजय ने उस समय जेल जाते समय आरोप लगाया था कि राज्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक ने षड्यंत्र कर उन्हें फंसाया है। पत्रावली सुनवाई के लिए एमपी एमएलए कोर्ट भेजी गई। वहां सुनवाई चल रही थी। इसी बीच हाईकोर्ट एमपी एमएलए से जुड़ी सभी पत्रावली संबंधित जिला अदालत में भेजने का आदेश दिया।

## गठबंधन के बीच हरिद्वार लोस सीट पर सपा की निगाहें, ऐसा है वोटों का गणित

**देहरादून ।** सपा उत्तराखंड ने आलाकमान को हरिद्वार सीट देने का प्रस्ताव भेजा है। वर्ष 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी राजेंद्र कुमार यह सीट जीत चुके हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बीच अब समाजवादी पार्टी उत्तराखंड की टीम को हरिद्वार सीट पर टिकट का इंतजार है। इस सीट पर लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी एक बार जीत दर्ज कर चुका है। वहीं, एक बार विधानसभा चुनाव में भी प्रत्याशी ने यहां जीत दर्ज की थी। आलाकमान ने अभी 10 मार्च तक का समय दिया है। वोटों के गणित के हिसाब से समाजवादी पार्टी अपने लिए हरिद्वार सीट को मुफीद मानती है। 1996 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अमरीश कुमार और 2004 लोकसभा चुनाव में उनके प्रत्याशी राजेंद्र कुमार के चुनाव जीतने के बाद से हर चुनाव में सपा इस सीट पर अपनी जीत की जुगत भिड़ाती आई है। इस बार भी राज्य के सपा नेताओं की निगाहें इस सीट पर हैं, जिसकी तैयारी भी अंदरखाने चल रही है। हरिद्वार सीट पर ही दावा पेश किया इस बीच यूपी में सपा और कांग्रेस का गठबंधन हो गया है। ऐसे में मुश्किल ये है कि कांग्रेस के हाथों से उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों में से कोई सपा के हाथ आएगी या नहीं, इस पर पार्टी आलाकमान को निर्णय लेना है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष शंभूनाथ पोखरियाल का कहना है कि आलाकमान ने अभी 10 मार्च तक इंतजार करने को कहा है। इसके बाद तय होगा कि उनका प्रत्याशी उत्तराखंड के चुनावी मैदान में दम दिखाएगा या नहीं। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्यनारायण सचान का कहना है कि अभी आलाकमान को इस पर निर्णय लेना है। बताया, राज्य की ओर से हरिद्वार सीट पर ही दावा पेश किया गया है।




### सीट न मिली तो कांग्रेस को समर्थन

यूपी के गठबंधन के हिसाब से देखें तो अगर सपा को उत्तराखंड में कोई सीट नहीं मिली तो पार्टी पांचों सीटों पर कांग्रेस को समर्थन दे सकती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस पर निर्णय लेना है।

## रांची कोर्ट ने हेमंत सोरेन को माना दोषी, ईडी के नोटिस की सात बार अवहेलना करने पर भेजा समन

**झारखण्ड ।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते महीने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इसमें कहा गया था कि जमीन घोटाले से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में शामिल होने के लिए ईडी के समन की हेमंत सोरेन ने जानबूझकर अवलेहना की। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब रांची की एक अदालत ने पीएमएलए मामले में ईडी के नोटिस की अवहेलना करने का प्रथम द्रष्टया दोषी माना है।

रांची कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन भेज कर अगले महीने तलब किया है। जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत हेमंत सोरेन को सात बार समन जारी किए गए थे। उन्हें सबसे पहले बीते साल 14 अगस्त को ईडी के सामने पेश होने के लिए पहली बार समन जारी किया गया था।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कांत मिश्रा की अदालत ने सोमवार को जारी अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता ईडी के तथ्य और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से प्रथम द्दष्टया भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 174 के तहत अपराध बनता है। ऐसे में आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 204 के तहत आरोपी हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन को अदालत में उपस्थिति के लिए समन जारी करने का निर्देश दिया।फिलहाल मामले में अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 3 अप्रैल तय की है।



केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते महीने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इसमें कहा गया था कि जमीन घोटाले से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में शामिल होने के लिए ईडी के समन की हेमंत सोरेन ने जानबूझकर अवलेहना की। ईडी ने पीएमएलए और आईपीसी की धाराओं के तहत दायर अपनी शिकायत में अदालत से अनुरोध किया था कि हेमंत सोरेन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करना) के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। पूर्व सीएम को संघीय जांच एजेंसी ने 31 जनवरी को रांची में उनके आधिकारिक आवास पर दूसरे दौर की पूछताछ के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार होने से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 48 वर्षीय झामुमो नेता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इसी तरह की एक शिकायत ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में एजेंसी के समन की कथित तौर पर तीन बार अवहेलना करने के लिए दायर की है। यह मामला 16 मार्च को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

केजरीवाल को अब तक आठ समन जारी किए जा चुके हैं और उन्होंने इन नोटिसों को अवैध बताते हुए एजेंसी के सामने गवाही नहीं दी है। पेशी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने ईडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पूछताछ करे।

## लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीट बंटवारा फाइनल आज

**बिहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो मार्च को बिहार आए तो उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के 195 प्रत्याशियों की सूची जारी हो गई। आज फिर पीएम मोदी बिहार में हैं और भाजपा की दूसरी सूची जारी होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन, अगर ऐसा हुआ भी तो बिहार में भाजपा अपनी 17 सीटों के लिए प्रत्याशी संभवतः गुरुवार को जारी करे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पीएम मोदी के साथ फिर मंच शेयर कर रहे हैं। उसके बाद रात करीब आठ बजे वह दिल्ली रवाना होंगे। वहां गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में उनका सामना धुर विरोधी चिराग पासवान से होने के आसार हैं। इस बैठक में बाकी घटक दलों के नेताओं की भी हाजिरी रहेगी। मतलब, सब ठीक रहा तो सीट शेयरिंग गुरुवार को फाइनल हो जाएगा।




**सीएम नीतीश विदेश जा रहे, पहले सीट फाइनल करेंगे :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ थे तो जून से ही वहां सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला और दलगत सीट फाइनल करने की मांग कर रहे थे। 28 जनवरी को जब वह वापस एनडीए में आए, तब से यही माना जा रहा था कि यहां जल्दी से सीट बंटवारा हो जाएगा। लेकिन, जिस तरह लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार से दूरी बना रखी है और जैसे दोनों एक-दूसरे के प्रति असहज हैं, सीट बंटवारा फंसना ही था। सीट बंटवारे के कारण ही भाजपा के विधान परिषद् प्रत्याशी भी तय नहीं हो पा रहे और बिहार का मंत्रिमंडल विस्तार भी अटका है। प्रधानमंत्री मोदी की बेतिया में हो रही सभा के बाद सीएम नीतीश कुमार दिल्ली रवाना हो जाएंगे। वहां से वह इंग्लैंड जाएंगे। इंग्लैंड में नीतीश साइंट सिटी देखने जाएंगे और अप्रवासी भारतीयों के कुछ समारोहों में भी शामिल होंगे। नीतीश स्कॉटलैंड भी जाने वाले हैं। इसलिए, इंग्लैंड-स्कॉटलैंड दौरे से पहले वह सीटों पर दिल्ली में फैसला करने के अंदाज में भी जा रहे हैं।

**भाजपा 17 लेगी, जदयू को थोड़ा नुकसान संभव :** भारतीय जनता पार्टी की कोर कमिटी की मंगलवार रात हुई बैठक के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने साफ तौर पर कहा कि वह अपनी 17 सीटों पर विमर्श करने बैठे हैं। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा-राज्यसभा सांसद, विधानसभा अध्यक्ष और कुछ विधायक भी थे। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 17 सीटों पर प्रत्याशी दिए थे और सभी पर जीत हासिल की थी।

## रायबरेली पहुंचीं केंद्रीय मंत्री, बोलीं- अमेठी में जो काम 50 वर्षों में नहीं हुआ, वह कर दिखाया



**लखनऊ ।** केन्द्रीय मंत्री ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, सेकेंड व तृतीय आने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया। 26 सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण किया और 101 कन्याओं को कन्या सुमंगला योजना के तहत खुलवाए गए खातों की पास बुक दी। रायबरेली जिले में सलोन कस्बे में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने गांधी परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र में जो काम 50 वर्षों में नहीं हुआ। वह पांच वर्ष में कर दिखाया है। सांसद ने कहा कि संसद व सरकार में समन्वय होता है, तभी क्षेत्र का विकास होता है। इसी की देन है कि क्षेत्र में सड़कें चलने लायक बनीं। उन्होंने बताया कि एक लाख 30 हजार 225 महिलाओं ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा राष्ट् के सम्मुख प्रस्तुत किया। महिलाओं ने समाज को अनूठा संदेश दिया कि महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने महिला की प्रतिभा को और प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए संसद में 35 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास किया। स्मृति ने पूर्व विधायक दलबहादुर को याद करते हुए कहा कि हम लोग गांव -गांव गली -गली लोगों से कहते थे।

### अमेठी से लड़ सकते हैं राहुल : दिल्ली पहुंचे जिलाध्यक्ष से बोलीं प्रियंका - जाओ तैयारियां करो, अमेठी हमारा परिवार

**लखनऊ ।** राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। ऐसे संकेत प्रियंका गांधी ने दिए हैं। दिल्ली पहुंचे अमेठी जिलाध्यक्ष से प्रियंका ने राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने का संकेत दिया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर बना संशय दूर होता दिख रहा है। दिल्ली में सोमवार को अमेठी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष और प्रियंका गांधी के बीच हुई मुलकात के बाद अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की चचाएं शुरू हो गई हैं। दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष से मुलाकात के बाद प्रियंका ने कहा, जाओ तैयारियां करो, अमेठी परिवार है। अमेठी जिसे लोकसभा में उम्मीदवार चाह रही है। वहीं चुनाव लड़ेगा। संकेतों में राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की बात कही। प्रियंका गांधी से मिले संकेत के बाद कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुष्पांजलि महिला सेवा संस्थान ने महिला दिवस मनाया और सम्मान समारोह भी किया। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने कहा कि महिला पूरे परिवार की धुरी होती है वो सम्मान भी सिखाती है और संस्कार भी। इस अवसर पर 84 वर्षीय बलराज पाल तथा संस्था की अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुषमा चौहान, दीप्ति,वैशाली, मीनू,शशि, मनोज, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

निविदा नोटिस संख्याः 1238/स्वा0/2023–24 दिनांकः 06.03.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाथ ठेली, हाथ रिक्शा व मोबाईल शौचालय की मरम्मत के कार्य हेतु ई–निविदा की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से दिनांक 07.03.2024 से 13.03.2024 तक दक्ष एवं सक्षम फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निविदा दिनांक 13.03.2024 को अपरान्हः 12:00 बजे तक डाउनलोड /अपलोड की जा सकती है और उक्त निविदा दिनांक 13.03.2024 को सांय 04:00 बजे नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। निविदा शुल्क धनराशि नगर निगम गाजियाबाद के खाता संख्या – 628601041088 आई०एफ०एस०सी० कोड ICIC0006286 आई०सी०आई०सी०आई० बैंक शाखा राजनगर में जमा कराकर उसकी रसीद की छायाप्रति एवं ई०एम०डी०/एफ०डी०आर० जो कि लेखाधिकारी नगर निगम गाजियाबाद के नाम पर बंधक होगी, को वेबसाईट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु नियम–शर्ते व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
गाजियाबाद नगर निगम

## उत्तराखंड में भी आया एनकोर, अब प्रत्याशी करेंगे ऑनलाइन नामांकन



**देहरादून ।** एनकोर नया चुनावी ब्रह्मास्त्र बनेगा। प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन करेंगे। प्रत्याशी बगैर शक्ति प्रदर्शन के नामांकन दाखिल करना चाहेंगे वो एनकोर का प्रयोग कर सकेंगे। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में हुए प्रयोग के बाद अब देहरादून में भी निर्वाचन आयोग ने कई चुनावी प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

निर्वाचन आयोग टिहरी गढ़वाल और हरिद्वार लोकसभा में प्रत्याशियों को आनलाइन नामांकन की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए आयोग एनकोर साफ्टवेयर लेकर आया है। इनेबलिंग कम्युनिकेशंस ऑन रियल-टाइम एनवायरनमेंट (एनकोर) से प्रत्याशी आनलाइन चुनावी नामांकन भर सकेंगे। इसके लिए प्रत्याशी को कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी, घर बैठकर ही प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन दाखिल कर पाएंगे। आनलाइन जमा किए गए दस्तावेजों को सत्यापित कराने के लिए किसी एक दिन प्रत्याशी को रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होना होगा, हालांकि उम्मीदवार पुरानी व्यवस्था से भी पेपर पर अपना नामांकन पहले की तरह कर सकेंगे। आयोजनों के लिए मिलेगी ऑनलाइन एनओसी रैलियों का अन्य कार्यक्रमों के लिए एनकोर बड़ा मददगार साबित होगा। किसी भी आयोजन की अनुमति लेने के लिए प्रत्याशियों के एजेंटों को भटकना नहीं होगा। अग्निशमन, शिक्षा, पुलिस, पर्यावरण, सीपीडब्ल्यूडी समेत सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र एक साथ एनकोर पर मिल सकेगा।

### एनकोर को पूरे चुनाव प्रबंधन के लिए डिजाइन किया

जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने बताया कि एनकोर को सभी उम्मीदवारों की सुविधा और चुनाव प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है। एनकोर का पूरा नाम इनेबलिंग कम्युनिकेशंस ऑन रियल-टाइम एनवायरनमेंट है। इसके जरिये प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। वहीं निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की जांच, शपथ पत्र, मतदाता संख्या, मतगणना, चुनाव परिणाम और डेटा प्रबंधन प्रक्रिया को पूरा कर पाएंगे। नामांकन, हलफनामे, गिनती, परिणाम और डेटा प्रबंधन की प्रक्रिया में भी यह मददगार बनेगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन दाखिल किए गए नामांकन की जांच भी इससे की जा सकेगी।

### शक्ति प्रदर्शन कर सकेंगे नामांकन

भारत निर्वाचन आयोग लगातार ऑनलाइन मोड की ओर बढ़ रहा है। चुनाव को पेपरलेस बनाने की कवायद के तहत यह प्रयोग किए जा रहे हैं। इसमें एनकोर साफ्टवेयर ब्रह्मास्त्र बनकर आया है। इस बार के चुनाव में एनकोर के जरिये कई चुनावी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें सबसे बड़ी सुविधा प्रत्याशियों के नामांकन की है। पहले प्रत्याशी ढोल-नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में लोगों का जुलूस लेकर नामांकन करने पहुचते थे, लेकिन आने वाले समय में यह बीते दिनों की बात हो जाएगी। इसकी शुरूआत इस चुनाव से हो गई है, जो प्रत्याशी बगैर शक्ति प्रदर्शन के नामांकन दाखिल करना चाहेंगे वो एनकोर का प्रयोग कर सकेंगे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# जब करंट क्राइम ने पूछा अनिल अग्रवाल से उनकी दावेदारी का खाका

## मुस्कुरा कर बोले 'होइहि सोइ जो राम रचि राखा'

**दावेदारी वाले फ्रेम में अनिल अग्रवाल तब से आ गए थे जब वो राज्यसभा वाली पारी खेल रहे थे। अनिल अग्रवाल की दावेदारी को लेकर करंट क्राइम ने उन्हीं से बात की। जब करंट क्राइम ने अनिल अग्रवाल से बात की तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल राज्यसभा वाली पारी खेल कर हटे हैं, और लोकसभा वाली दावेदारी में वो पूरे जोर के साथ हैं। जबसे पार्टी में यह बात चली है कि राज्यसभा वालों को लोकसभा में भेजा जाएगा तब से अनिल अग्रवाल को लोकसभा में होप भी दिखाई दे रही है और स्कोप भी दिखाई दे रहा है। **करंट क्राइम ने उनसे पहले भी बात की थी और पूछा था कि क्या आपकी लोकसभा वाली दावेदारी है। और जब लोकसभा का नाम पूछा तो अनिल अग्रवाल ने सबकुछ बताया लेकिन अपने शब्दों से यह संकेत दे दिया कि दावेदारी पूरी-पूरी बताएंगे मगर कौन सी सीट है इसका नाम नहीं बताएंगे।** बहरहाल सस्पेंस चल रहा है और टिकट होल्ड होने के बाद तो और अधिक बोल्ड सीन हो गया है।

कोई यह समीकरण बताता है कि होल्ड होने की वजह ठाकुर और वैश्य समीकरण है। कोई बताता है कि मेरठ में बदलाव होगा तो इन सबके बीच उन किरदारों से बात होना जरूरी है जो इस गेम के खिलाड़ी हैं। दावेदारी वाले फ्रेम में अनिल अग्रवाल तब से आ गए थे जब वो राज्यसभा वाली पारी खेल रहे थे। अनिल अग्रवाल की दावेदारी को लेकर करंट क्राइम ने उन्हीं से बात की। जब करंट क्राइम ने अनिल अग्रवाल से बात की तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। एक खिलखिलाहट वाली एक आहट भी उनके चेहरे पर थी। **करंट क्राइम ने जब अनिल अग्रवाल से उनकी लोकसभा दावेदारी पर और कौन सी सीट से भागीदारी की बात की तो अनिल अग्रवाल ने अपने ही अंदाज में मुस्कुराते हुए कहा कि सब कुछ सही होगा। फिर वो बोले कि होइहि सोइ जो राम रचि राखा...।**

### गाजियाबाद से ज्यादा मेरठ में मजबूती से चल रहा है अनिल अग्रवाल का नाम

**करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल राजनीति के खिलाड़ी हैं और उन्हें पता है कि लोकसभा वाली पारी खेलनी है तो गेम के रूल को समझना होगा। वो लोकसभा की दावेदारी में हैं लेकिन सीट नहीं बता रहे हैं। वहीं करंट क्राइम को यह पता चला है कि अनिल अग्रवाल का नाम मेरठ लोकसभा सीट की दावेदारी में भी चल रहा है। वहां वैश्य फैक्टर में इसकी चर्चा है और सूत्र यह भी बता रहे हैं कि गाजियाबाद से ज्यादा मेरठ में अनिल अग्रवाल को नाम लोकसभा वाली दावेदारी में चल रहा है। यहां भी टिकट होल्ड हुआ है और ऐसे में अगर चेहरा बदला और समीकरण वहीं रहे तो यहां अनिल अग्रवाल की दावेदारी को पंख लग जाएंगे।

# मृणालिनी दीदी ने शायराना अंदाज में कुछ तो दिया है यह संदेश

## पानी और उफान से बहता है पत्थरों से टकराने के बाद

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कई बार कम शब्दों में वो बात कही जाती है जिसे बहुत लोग समझ जाते हैं। बात अगर मनोविज्ञान में पीएचडी कर चुकी मृणालिनी सिंह कह रहीं हैं तो फिर उस बात के ओर मायने होते हैं। टिकट होल्ड हुआ है और सोशल मीडिया पर कुछ भी शोर नहीं है। गाजियाबाद लोकसभा का टिकट होल्ड हुआ है और इसकी चर्चा भी सोशल मीडिया पर कुछ खास नहीं हो रही है। अखबारों में गाजियाबाद लोकसभा का टिकट होल्ड होने को लेकर खबर है लेकिन सोशल मीडिया पर खामोशी है। चर्चा जरूर इस बात को लेकर हो जाती है कि क्या पर्चा कोई और भरने जा रहा है। कभी अनिल अग्रवाल का नाम आता है तो कभी सतेंद्र शिशौदिया का जिक्र होने लगता है। और जोर से राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह और रेल मंत्री पियुश गोयल का भी नाम आता है। इन सब के बीच अगर तीन दिन की गतिविधियां देखें तो यहां लोकसभा सांसद जनरल वी के सिंह की एक्टिविटी और कनेक्टिविटी दोनों ही बढ़ गई हैं।



जनरल वी के सिंह की सक्रियता बढ़ गई है और यह अपने आप में बहुत कुछ कह रही हैं। कहने वाले कह रहे हैं कि जो कुछ भी विरोधी कह रहे हैं वो बातें घुम फिर कर उधर भी पहुंच रही हैं। अपने पिता के लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक दायित्वों की भागीदारी जनरल वी के सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह भी निभाती हैं। क्षेत्र के लोगों की समस्या है तो वो उनके बीच पहुंच जाती हैं। यह एक वजह है कि मृणालिनी सिंह सभी कार्यकर्ताओं में दीदी के नाम से जानी जाती हैं। मृणालिनी सिंह सोशल मीडिया पर शायराना अंदाज में आईं, उन्होंने एक पोस्ट की और इसकी लाइनों से उन्होंने बहुत कुछ बताया




और लिखा कि यह पत्थर रोकने चले हैं रास्ता पानी का, खबर नहीं है इनको पानी और उफान से बहता है पत्थरों से टकराने के बाद। अब यह शब्द बता रहे हैं कि मृणालिनी सिंह ने अपने शब्दों से एक बड़ा संदेश दिया है। बता दिया है कि पत्थर रास्ता रोकने चले हैं और पानी और अधिक उफान से बहेगा। मनोविज्ञान में पीएचडी मृणालिनी सिंह बेहतर जानती हैं कि यहां कि सियासत के मन में क्या चल रहा है और कौन है जो अंदर ही अंदर कुछ तो प्लानिंग रच रहा है। बहरहाल उन्होंने अपने शब्दों से एक संदेश दे दिया है।

# कमिश्नरेट के 24 थाने आईजीआरएस रैंकिंग में हो गए पास

## सबको मिले 90 में 90 मार्क्स

### पुलिस कमिश्नर ने आईजीआरएस टीम को किया पुरस्कृत







गाजियाबाद, करंट क्राइम। आईजीआरएस और हेल्पलाइन की फरवरी माह की रैंकिंग पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 24 थानों के लिए हैप्पी न्यूज लेकर आई है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय मिश्र ने आईजीआरएस पर वर्किंग करने वाली टीम को 20 हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी बेस्ट वर्किंग के लिए दिया है। देहात से लेकर ट्रांस हिंडन व सिटी जोन के थाने भी रैंकिंग में अव्वल रहे हैं। यह रैंकिंग कुछ अधिकारियों द्वारा की गई मॉनिटरिंग और पोर्टल से लेकर कुल शिकायतों के निस्तारण को सम्मिलित करके प्रस्तुत की गई है।

### यह थाने रहे 90 में 90 अंक पाने वाले थाने

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले मुरादनगर, भोजपुर, लिंक रोड, कौशांबी, महिला थाना, मसूरी, कवि नगर, कोतवाली, खोड़ा, मोदीनगर, साहिबाबाद, टीलामोड, इंदिरापुरम, विजय नगर, नंदग्राम, क्रॉसिंग रिपब्लिक ,अंकुर विहार, वेव सिटी, सिहानी गेट, लोनी, निवाड़ी, लोनी बॉर्डर, ट्रोनिका सिटी, शालीमार गार्डन यह थाने हैं जिन्होंने पूरे में पूरे अंक प्राप्त किए हैं और उनकी वर्किंग भी बेस्ट रही है।

### टॉप 10 में देहात के पांच, ट्रांस हिंडन के तीन और सिटी के दो थाने



करंट क्राइम। आईजीआरएस व हेल्पलाइन नंबर वाली इस रैंकिंग रिपोर्ट में टॉप 10 में देहात जोन के तीन थाने शामिल हैं। जिसमें मुरादनगर ,भोजपुर, महिला थाना, मसूरी थाना और मोदीनगर थाने का नाम है। तो वहीं सिटी जोन के अंतर्गत थाना कवि नगर और कोतवाली को शामिल किया गया है। इसी के साथ ट्रांस हिंडन जोन में लिंक रोड कौशांबी और खोड़ा थाने का नंबर इस टॉप टेन वाली लिस्ट में शामिल किया गया है।

# आरटीई योजना के तहत 3721 बच्चों को ऑनलाइन स्कूल आवंटित



गाजियाबाद करंट क्राइम। जनपद में आरटीई योजना के तहत पहले चरण में ऑनलाइन लॉटरी द्वारा 3721 बच्चों को स्कूल आवंटित किये गये। इन सभी बच्चों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन लिंक द्वारा डाउनलोड किये जाने की व्यवस्था की गई है। अभिभावक दिये गये लिंक (https://bit.ly/4bZhUvX) की सहायता से अपने बच्चों के प्रवेश पत्र का प्रिन्ट प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन के समय प्रवेश पत्र के प्रिन्ट की फोटो कॉपी एवं सभी आवश्यक कागजात संलग्न करना जरूरी किया गया है।

# सुनील शर्मा का कैबिनेट मंत्री वाला फेस

## क्या ब्राह्मण चेहरों की राजनीति के भविष्य पर कुछ समय के लिए लगाएगा ब्रेक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति हमेशा से समीकरण पर काम करती है राजनीति कभी भी संबंधों पर फोकस नहीं करती है राजनीति में कई फैसले ऐसे होते हैं जिनका असर दूसरों की राजनीति पर पड़ता है और यह फैसला उनके सियासी भविष्य के फसलों को बढ़ा देते हैं। साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है आज उनके कई स्थानों पर भव्य स्वागत हो रहा है लेकिन इसके साथ ही राजनीति में एक सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि क्या सुनील शर्मा के कैबिनेट मंत्री बन जाने के बाद गाजियाबाद में ब्राह्मण राजनीति के भविष्य पर ब्रेक लगेंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जातीय संतुलन जब साधा जाएगा तो यहां कई की राजनीति के संतुलन पर इसका असर पड़ेगा क्योंकि जब एक समाज से एक व्यक्ति कैबिनेट में आएगा तो यहां जातीय संतुलन साधा ही जाएगा ऐसे में भगवागढ़ के जो ब्राह्मण चेहरे हैं उनकी बात संगठन में तो बन जाएगी लेकिन सरकार में वह कितना एडजस्ट हो पाएंगे यह देखने की बात है। सुनील शर्मा का कैबिनेट में आना गाजियाबाद के कई ब्राह्मण चेहरों के लिए एक चुनौती भी रहेगा चर्चा यही है कि 2027 तक अब अन्य किसी ब्राह्मण चेहरे को मंत्रिमंडल में यहां से स्थान नहीं मिलेगा और जब 2027 में विधानसभा चुनाव की बेला आएगी तो सुनील शर्मा ही विधानसभा का चेहरा रहेंगे ।वह सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं तो ऐसे में उनका टिकट काटना छोटी घटना नहीं होगी।

### संजीव शर्मा ,अजय शर्मा से लेकर आशा शर्मा का सियासी फ्यूचर







**करंट क्राइम।** यदि गाजियाबाद के ब्राह्मण चेहरों की बात करें तो यहां आशा शर्मा ने मेयर का चुनाव जीता और वह मेयर रही है। संजीव शर्मा लगातार दूसरी बार अपने टीआरपी रिकॉर्ड के साथ अध्यक्ष पद पर रिपीट हुए हैं ।अजय शर्मा को हाल ही में लोकसभा वाली जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में अब यह चर्चा आम हो रही है कि क्या गाजियाबाद के यह एक्टिव ब्राह्मण चेहरे अब विधानसभा के टिकट से लेकर विधान परिषद के सदन तक अपनी जगह बना पाएंगे। क्या क शुक्ला को राजनीति में संगठन से इतर जाकर सदन में कोई मौका मिलेगा । क्या संजीव शर्मा के लिए विधान परिषद या राज्यसभा में जाने के रास्ते खुलेंगे। क्या अजय शर्मा भी सदन के सदस्य बन पाएंगे क्या वह भी चुनाव लड़ पाएंगे यह सभी वह सवाल है जो अब चर्चाओं में उठ रहे हैं ब्राह्मण चेहरों के लिए सरकार में जाना कितना आसान रहेगा।

### मेरठ नोएडा में ब्राह्मण एमएलसी चेहरे

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है उनका नाम कैबिनेट के लिए चल भी रहा था वह सबसे ज्यादा वोटो से चुनाव जीतने वाले विधायक हैं लेकिन अब यह चर्चा हो रही है कि सुनील शर्मा को कैबिनेट में स्थान मिलने के बाद यहां के ब्राह्मण चेहरों की राजनीति कितनी सेट हो पाएगी। यहां से सुनील शर्मा कैबिनेट में मंत्री होंगे और अगर विधान परिषद की बात करें तो पड़ोस के दोनों जनपद में ब्राह्मण चेहरे हैं नोएडा से एमएलसी और मेरठ से भी एमएलसी का चेहरा ब्राह्मण है ऐसे में गाजियाबाद के ब्राह्मण चेहरों के लिए कौन से सदन की राह खुलेगी। उनकी सदन में जाने की इच्छा कैसे पूरी हो पाएगी ये देखने की बात है।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा सुनील शर्मा के मंत्री बनने से कार्यकर्ता प्रसन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने सुनील शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुनील शर्मा के मंत्री बनने से कार्यकताओं में विशेष प्रसन्नता है। वह कार्यकताओं के बीच से निकालकर इस स्थान पर पहुंचे हैं। वह कार्यकताओं का महत्व खूब समझते हैं और उन्हें यथोचित सम्मान देते हैं। सुनील शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के साथ गाजियाबाद के विकास को भी नई दिशा मिलेगी उनके सम्मान को कार्यकर्ता अपना सम्मान मान रहे हैं। सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किए जाने पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।


Baleshwar Tyagi
11 h

श्री सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबनेट मंत्री बनाये जाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं। सुनील शर्मा जी के मंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में विशेष प्रसन्नता है वह कार्यकर्ताओं के बीच से निकल कर इस स्थान पर पहुंचे हैं। वह कार्यकर्ताओं का महत्व खूब समझते हैं और उन्हें यथोचित सम्मान देते हैं। उनके सम्मान को कार्यकर्ता अपना सम्मान मान रहे हैं। सुनील शर्मा जी के नेतृत्व में प्रदेश के साथ साथ गाजियाबाद के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

सुनील शर्मा जी को उत्तर प्रदेश मंत्री मंडल में कैबनेट मंत्री के रूप में शामिल किये जाने पर पुनः ढेर सारी शुभकामनाएं।



# मंत्रालय मिलते ही पुलिस हो जाएगी राजनगर सेक्टर-10 में और ज्यादा अलर्ट

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के घर के बाहर लगेगी गारद और साथ चलेगी फ्लीट

## अधिकारियों ने डायरी में नोट कर लिया है एड्रेस और सुरक्षा प्लान





गाजियाबाद, करंट क्राइम । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए सुनील शर्मा के आवास पर जल्द ही पुलिस फोर्स और सुरक्षा व्यवस्था नजर आएगी। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस राजनगर सेक्टर-10 स्थित आवास के बाहर गारद बनाएगी। जिसमें चार, एक की पुलिस पोस्टिंग यानी एक सब इंस्पेक्टर और चार सिपाही फसलों से लैस लगाए जाएंगे। इसी के साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ एक पुलिस की गाड़ी फ्लीट के रूप में हर समय मौजूद रहेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनके कैबिनेट मंत्री पद की घोषणा होते ही कमिश्नरेट के कई अधिकारियों ने उनके आवास और कार्यालय का निरीक्षण कर लिया है ताकि उनके पहुंचने पर सुरक्षा की किसी प्रकार की कमी ना रहे। वहीं यहां भीड़ को देखते हुए मेटल डोर डिटेक्टर भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही लोकल इंटेलीजेंस को भी पूरी प्रक्रिया के लिए एक्टिव कर दिया गया है।

### हर समय फ्लीट की गाड़ी रहेगी मौजूद

करंट क्राइम। विधायक सुनील शर्मा को योगी सरकार के मंत्रिमंडल में कैबिनेट वाला दर्जा दिया गया है। जिसके बाद उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने उनका प्रोटोकॉल लागू करने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि गुरुवार को सुनील शर्मा लखनऊ से गाजियाबाद यूपी गेट से एंट्री करेंगे। यूपी गेट से ही उनको गाजियाबाद पुलिस सुरक्षा घेरा प्रदान कर देगी और वह आगे जारी रहेगा। सूत्र यह बता रहे हैं कि फ्लीट में भी एक-चार की गारद रहेगी। जिसमें एक सब इंस्पेक्टर और तीन पुलिसकर्मी हर वक्त उनके साथ मौजूद रहेंगे, अगर वह जिले से बाहर जाएंगे तो अलग-अलग थानाक्षेत्रों की पुलिस गाड़ियां उनको स्क्वाड करेंगी। वहीं उनको आने वाले दिनों में सुरक्षा के घेरे के बीच देखा जाएगा।

### आ गया मंत्री जी का पहला प्रोटोकॉल

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का पहला प्रोटोकॉल वाला कार्यक्रम अधिकारियों के कार्यालय तक ईमेल के जरिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही जानकारी यह है कि 8, 9 और 10 तारीख को कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा गाजियाबाद में ही मौजूद रहेंगे और अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनका स्वागत कार्यक्रम भी कई स्थानों पर रखा जाएगा। इसी के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को उनके प्रोटोकॉल वाली ड्यूटी भी प्रेषित कर दी गई है।

## संपादकीय

# संदेह और सवालों में घिरी बसपा

बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की फौज तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है।

अभी हाल ही में बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है। अमरोहा से सांसद दानिश को मायावती ने टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत के बदले प्रश्न पूछने के मामले में उनका समर्थन करने के लिए निलंबित कर दिया था। बसपा के लगातार कमजोर होने की वजह है हाल के चुनावों में बीसपी का लचर प्रदर्शन, जिसने पार्टी के भविष्य से जुड़ी चिंताओं को मजबूती दी है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में दस सीटें जीतने वाली बसपा को 2014 लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली थी। 2019 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन में उसने 10 सीटें जीतीं, लेकिन नतीजे आने के ठीक बाद पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की घोषणा कर दी। 2022 विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले लड़ी और सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। उसका वोट शेयर भी गिरकर 12 फीसदी पर आ गया।

अब जनसभा करने से कतराने लगी हैं, जबकि यही उनकी ताकत हुआ करती थी। लखनऊ के रमाबाई मैदान को जनसमूह से भरने की ताकत मायावती के अलावा कभी कोई नहीं दिखा पाया। अब मायावती सार्वजनिक रूप से भी काफी कम दिखती हैं। उन्होंने अपनी कई जिम्मेदारियां भी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंप दी हैं। भले ही मायावती ने औपचारिक तौर पर ऐसी घोषणा भले न की हो, परंतु उन्होंने पार्टी में यह साफ कर दिया है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे। बहुजन समाज के हितों को समर्पित मानी जाने वाली इस पार्टी के समर्थकों के लिए यह परिवारवादी रुझान एक नई चीज है और कहा जा रहा है कि उनके लिए इसे बचाना आसान नहीं होगा। बसपा की आज मौजूदा पौलिसी पार्टी के बाहर ही नहीं, अन्दर भी अनेकों सवाल और संदेह पैदा कर रही है।

# पत्रकार स्वर्गीय श्री नरसिंह अरोड़ा की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मृति नमन



Late Sh. Narsingh Arora
(02.01.1940 - 07.03.2023)

## तुमने मुझे कुछ इस तरह पढ़कर भुला दिया, जैसे किसी किताब का किस्सा रहा हूं मैं।

कहते हैं कि इस दुनिया में जो भी हम देख रहे हैं या हमारी नजरों को दिखाई दे रहा है उसे एक दिन फना होना है, मिट जाना है। यह भी कहा जाता है कि इंसान चला जाता है और अपनी अच्छाई- बुराई की एक छाप छोड़ जाता है। शायद यही जीवन का कटु सत्य है। हमारा शहर गाजियावाद हर विधा में समय समय पर शोहरत हासिल करता रहा है चाहे वह सांस्कृतिक गतिविधियां हों या फिर साहित्यिक और सामाजिक सामाजिक सरोकार और साहित्यिक पृष्ठभूमि से जुड़े अनेक लोगों ने शहर को एक नई पहचान दी। ऐसी शख्सियतें भी इसी शहर में हुईं जिन्होंने विश्व पटल पर गाजियाबाद को नई पहचान दी। यहां बहुत कुछ अच्छा हुआ परंतु एक दुर्भाग्य भी रहा कि इसी शहर में कुछ ऐसे विचारवान लोग भी हुए जिन्होंने यहां की मिट्टी में जन्म लेकर, संघर्ष करके अपने आप को समाज में बैठने के काबिल बनाया, लोगों को अपने साथ जोड़ा, एक दूसरे के सुख -दुख में शामिल होना जिनकी आदत बन चुकी थी, उनके इस दुनिया से जाने के बाद मात्र एक साल के अन्दर ही इस शहर ने और शहर के लोगों ने उन्हें भुला दिया।

ऐसे ही एक शख्स थे जो पत्रकार नरसिंह अरोड़ा के नाम से जाने गए।हालांकि वह पेशे से शिक्षाविद थे, यूं भी कहा जा सकता है कि शिक्षाविद कम पत्रकार ज्यादा थे। नरसिंह अरोड़ा जो एक स्वच्छ और साफ दिल के इंसान थे,वहीं स्पष्टवादिता के लिए भी जाने जाते थे। शहर का कोई साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ, सामाजिक सरोकार रखने वाला या फिर राजनीतिक व्यक्ति ऐसा नहीं जिसका तहेदिल से नरसिंह अरोड़ा ने सम्मान न किया हो। विरले ही ऐसे शख्स होते हैं जो अपनी जेब से पैसा खर्च करके दूसरों का सम्मान करें, उनका मान रखें और मन में कोई अपेक्षा न रखें। नरसिंह अरोड़ा न कवि थे, न संस्कृत के विद्वान पंडित, न राजनेता और ना समाज के उच्च कोटि के वो चेहरे जिन्हें गणमान्य कहा जाता हो, लेकिन विचारों में, रुचियों में, समन्वय और सामंजस्य बनाने में उनका कोई सानी नहीं। शहर का कोई ऐसा प्रतिष्ठत शख्स नहीं जिसका उन्होंने अपनी चौखट पर बुलाकर सम्मान न किया हो।

मॉडल टाउन स्थित उनके स्कूल सेंट मेरी परिसर में आए दिन साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम होते रहते थे जिन्हें वह अपनी जेब से पैसा खर्च करके आयोजित करते थे और इन आयोजनों में इसी शहर के शफ्फाफ लोग शिरकत करते थे चाहे वह किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों। एक फूल से लेकर बड़े तोहफे और ट्राफियां भी उनके सम्मान में भेंट की जाती थीं।

यह कोई एक दो बार नहीं बल्कि अपने जीवन में उन्होंने सैकड़ों बार ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराये और पूरे निस्वार्थ भाव से। क्योंकि उनकी विशेष रूचि थी ऐसे कार्यक्रमों में, उनका लगाव था साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के प्रति।

आज जब वह इस दुनिया में नहीं हैं आज के दिन 1 वर्ष पूर्व वो इस दुनिया से रुखसत हो गये तो क्या यहां के साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक लोगों का यह दायित्व नहीं बनता था कि कम से कम और कुछ करें ना करें उनके नाम एक शाम का कोई तो आयोजन छोटा या बड़ा करते, उनकी स्मृतियों को संजोए रखने के लिए उनके जीवनकाल के संस्मरणों को एक दूसरे के साथ साझा करने का प्रयास तो किया जाता।

जिसने शहर की प्रतिभाओं को,चाहे वह किसी भी क्षेत्र से जुड़ी रही हों, अलग हटकर एक मंच दिया उन्हीं लोगों ने उस इंसान को इतनी जल्दी भुला दिया, इससे बड़ा इस शहर के लिए दुर्भाग्य और क्या हो सकता है ? आज स्वर्गीय श्री नरसिंह अरोड़ा की पुण्यतिथि है, भरे मन से हम उनकी स्मृतियों को नमन करते हैं और परमपिता परमात्मा से उनकी आत्मिक शांति की कामना करते हैं।

प्रस्तुति : मुनीश बिल्सवी

# 'संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई में थी



**नई दिल्ली।** शाह ने मुंबई में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार मुद्रास्फीति को पांच प्रतिशत से नीचे रखने में सफल रही है, जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाली पिछली सरकार के समय यह दहाई अंक में पहुंच गई थी।

शाह ने मुंबई में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा, कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई अंक में पहुंच गई थी लेकिन हमारी सरकार ने इसे पांच प्रतिशत से नीचे रोक दिया है। संप्रग सरकार के समय 12 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों से देश का विश्वास हिल गया था और साठगांठ वाला (क्रॉनी) पूंजीवाद अपने चरम पर था।

अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक आप यह नहीं जानते कि गड्ढा कितना गहरा है, आप प्रगति को नहीं समझ सकते हैं। शाह ने कहा, भारत एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित राज्य के रूप में उभरा है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा, हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 वर्षों के रोडमैप के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित, आत्मनिर्भर और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

# 260 करोड़ डॉलर खर्च कर जुकरबर्ग बनवा रहे भूमिगत बंकर

## दावा- 1400 एकड़ में फैला है आलीशान ठिकाना



**नई दिल्ली।** जुकरबर्ग कम से कम एक दशक से चुपचाप किलेबंद इमारत की योजना बना रहे हैं, और इस पर वे 260 मिलियन डॉलर खर्च करने वाले हैं। हालांकि जुकरबर्ग ने अब तक बंकर के बारे में कुछ नहीं कहा है।

उनकी संपत्ति पर काम करने वाला कोई अन्य व्यक्ति भी सख्त गैग ऑर्डर के कारण इस बारे में कुछ नहीं बोल रहा है। न्यूज डॉट कॉम एयू की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग एक विशाल भूमिगत बंकर बनवा रहे हैं। यह एक उस विशाल लक्जरी एस्टेट का एक हिस्सा होगा जिसका निर्माण अरबपति हवाई के काउई नामक एक दूरस्थ द्वीप पर करवा रहे हैं। आउटलेट ने आगे कहा कि जुकरबर्ग कम से कम एक दशक से चुपचाप किलेबंद इमारत की योजना बना रहे हैं, और इस पर वे 260 मिलियन डॉलर खर्च करने वाले हैं। हालांकि जुकरबर्ग ने अब तक बंकर के बारे में कुछ नहीं कहा है। उनकी संपत्ति पर काम करने वाला कोई अन्य व्यक्ति भी सख्त गैग ऑर्डर के कारण इस बारे में कुछ नहीं बोल रहा है।

वायर्ड ने वहां काम करने वाले कुछ निर्माण कर्मचारियों से बात की और उन्होंने कहा कि उनके कई सहयोगियों को सोशल मीडिया पर इसके बारे में पोस्ट करने के बाद परियोजना से हटा दिया गया था। श्रमिकों में से एक ने कहा, यह फाइट क्लब है। हम फाइट क्लब के बारे में बात नहीं करते। यहां से कुछ भी पोस्ट किया जाता है, उन्हें तुरंत इसकी हवा मिल जाती है। वायर्ड ने श्रमिक की पहचान सार्वजनिक नहीं की है।

एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि गोपनीयता बरतने के लिए सख्ती बरती जाती है और साइट पर श्रमिक को तस्वीर लेने का भी मौका नहीं दिया जाता है। आउटलेट ने कहा कि जुकरबर्ग ने अगस्त 2014 में शुरू होने वाले सौदों की एक श्रृंखला में जमीन खरीदी।

## राशिफल

**मेष:** गुरु के भाव में चंद्रमा का गोचर आज कई राशियों के लिए शुभ समाचार लेकर आ सकता है। धार्मिक कार्यों की ओर झुकाव रहेगा।

**वृष:** आज का दिन काफी व्यस्त रहेगा। शारीरिक मेहनत हो सकती है। अधिक भागदौड़ में सावधानी बरतें। पैरों में चोट लग सकती है।

**मिथुन:** फिजूलखर्ची करने से बचें। आर्थिक रूप से सावधान रहने की जरूरत है। भविष्य में आर्थिक लाभ हो सकता है। शारीरिक परेशानी हो सकती है।

**कर्क:** आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य आज सफल हो सकते हैं। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है।

**सिंह:** सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ हो सकता है और कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। मानसिक अशांति, उदासी और उदासीनता दूर होगी।

**कन्या:** निडरता का भाव रहेगा। कठिन कार्यों को पूरा करने में सफलता मिलेगी। माता-पिता को सुखद सहयोग मिलेगा। पत्नी को तन से परेशानी हो सकती है।

**तुला:** पराक्रम दिखाने का अवसर मिलेगा और धन में वृद्धि होगी। दूसरों की सेवा पर ध्यान देंगे। नए कार्यों में निवेश करना पड़े तो सावधानी बरतें।

**वृश्चिक:** आज मन अशांत हो सकता है। व्यापार में बढ़ोतरी हो सकती है। धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करेंगे। कानूनी मामलों में भी सफलता मिलेगी।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए शुभ है। विद्या और बुद्धि में वृद्धि होगी। मन में परोपकार की भावना का विकास होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे।

**मकर:** आर्थिक मामलों में मिलाजुला दिन रहेगा। कीमती वस्तुओं को लेकर सावधानी बरतें। कोई वस्तु खो सकती है। दूसरी ओर अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे।

**कुंभ:** भाग्य के लिहाज से आज का दिन शुभ है। मन भी अपने व्यवसाय में लगा रहेगा और लंबित कार्य पूरे होंगे। नए कार्य में निवेश करते समय सावधानी बरतें।

**मीन:** किसी के लिए की गई मदद भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। आज थोड़ी बेचैनी और चिड़चिड़ाहट भी हो सकती है।

## चुटकुले

पति- आज बहुत गर्मी है कुछ ठंडा-ठंडा बनाओ...
थोड़ी देर में बाद में पत्नी पकोड़े ले आई,
पति- अरे, इतनी गर्मी में पकोड़े
पत्नी- गुस्सा क्यों हो रहे हैं, यह नवरत्न तेल के पकोड़े हैं, खाते ही गर्मी दूर।

---

रमेश- बचपन में मां की बात सुनी होती तो आज ये दिन न देखने पड़ते।
सुरेश- क्या कहती थीं तेरी मां?
रमेश- जब बात ही नहीं सुनी तो मुझे क्या पता, क्या कहती थीं।

---

चोलू- कल रात देर से घर पहुंचा तो पत्नी ने परदे फाड़ दिए।
मोलू- अच्छा ही हुआ, तुम बच गए।
चोलू- घर के नहीं, मेरे कान के परदे फाड़ दिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सोवियत संघ द्वारा 4 अक्टूबर को विश्व का पहला सैटेलाइट स्पूटेनिक फर्स्ट लॉन्च किया गया था। यह हर 98 मिनट में पृथ्वी का चक्कर लगा था।
- अंतरिक्ष में तैरता हुआ एक जलाशय है जिसमे दुनिया भर के समुद्र के पानी की तुलना में 140 ट्रिलियन गुना अधिक पानी है।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर, मूत्र एक विशेष जल उपचार संयंत्र से गुजरता है जो इसे पीने के पानी में बदल देता है।
- अंतरिक्ष में यदि आप किसी के सामने खड़े रहकर भी तेज चिल्लाएंगे तो भी वह आपकी आवाज नहीं सुन पायेगा क्योकि वहां पर आपकी आवाज को एक स्थान से दुसरे स्थान तक पहुचाने का कोई माध्यम नहीं हैं।
- स्पेस में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण स्पेस यात्री भोजन पर नमक/मिर्च नहीं छिड़क सकते है। भोजन भी द्रव्य के रूप में लेते है, ऐसा इसलिए है क्योकीं सूखे भोजन हवा में तैरने लगेगें और इधर उधर टकराने के साथ ही स्पेस यात्री की आंख में भी घुस जाएगा।
- एक अंतरिक्ष यात्री के हेलमेट के अंदर, एक वेल्ले पैच होता है जो एक स्क्रैचर के रूप में कार्य करता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# डीएफएम फूड्स ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नवीन हॉस्पिटल की मेरठ रोड यूनिट ने डीएफएम फूड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर नवीन हॉस्पिटल के मेडिकल निदेशक डॉ. अनिल तोमर द्वारा तनाव प्रबंधन पर एक बहुत ही सूचनात्मक स्वास्थ्य चर्चा की गई।

डॉ. तोमर के विचारों ने डीएफएम कर्मचारियों को तनाव से मुक्त किया।




इस मौके पर डीएफएम के एचआर हेड, मनवीर सिंह , नवीन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के प्रमुख व्यापार अधिकारी सुनील शाह और विपणन विभाग से आकाश दुबे मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने किया रैपिड नमो रेल के दूसरे चरण का वर्चुअल उद्घाटन

## केंद्रीय मंत्री व सांसद के प्रयासों से विकास को लगे पंख








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को भारत की पहली रैपिड नमो रेल के दूसरे चरण का वर्चुअल उद्घाटन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह के प्रयास को हकीकत में बदल दिया। गाजियाबाद की समृद्धि, तरक्की और आत्मनिर्भरता से जुड़ा यह आधुनिक प्रोजेक्ट विकास की पटरी पर दौड़ता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा कल बुधवार को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे चरण का दुहाई से मोदी नगर तक के 17 किलोमीटर लंबे सेक्शन का उद्घाटन किया गया। इस ट्रेन का नाम नमो भारत रखा गया है। यह रीजनल रेल आधुनिक भारत के सशक्तिकरण का हस्ताक्षर है। पहले चरण में रैपिड नमो भारत गाजियाबाद के साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच चली थी। इसके पहले फेज में 5 स्टेशन इनमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन शामिल हैं। अब इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हुए हैं। पूरी तरह से ऑपरेशनल होने के बाद इसकी रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। सांसद जनरल डॉ. वीके सिंह के अथक प्रयासों से नमो भारत ट्रेन के प्रथम चरण और दूसरे चरण को गाजियाबाद मोदीनगर क्षेत्र के लिए पूर्ण किया है।

नमो ट्रेन के लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह, मेरठ सांसद राजेंद्र अग्रवाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मोदी नगर विधायक मंजू सिवाच, मेरठ मंडल कमिश्नर कुमारी सेल्व जे, जिलाधिकारी गाजियाबाद इंद्र विक्रम सिंह, नमो रेपिड रेल के अधिकारी, भाजपा संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनता की उपस्थिति रही। नमो भारत ट्रेन ओवरहेड लगेज रैक, वाई-फाई और हर सीट पर एक मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग सॉकेट जैसी यात्री सुविधाओं के अलावा कई सुरक्षा सुविधाओं से भी लैस है। इसमें आम यात्रियों की सुविधा के लिए शताब्दी ट्रेन या हवाई जहाज की इकोनॉमी क्लास जैसी रिक्लाइनिंग सीटें लगाई गई हैं। हर तरफ डिजिटल स्क्रीन लगाई गई हैं, जो स्टेशन से जुड़ी जानकारी के साथ ही ट्रेन की रियल टाइम स्पीड भी बताएगी। इसमें एंट्री के लिए हाई-टेक ऑटोमेटिक गेट्स लगे हैं, प्लेटफार्म और ट्रेन के ट्रैक के बीच ग्लास की दीवार भी लगाई गई है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा प्रत्येक कोच

(करंट क्राइम)। नमो ट्रेन में मेट्रो की तर्ज पर महिलाओं के लिए अलग कोच होगा। इसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा महिला स्टाफ होगा, जिन्हें स्थानीय स्तर पर रिक्रूट किया गया है। इस हाई स्पीड ट्रेन में कुल 6 कोच होंगे। एक कोच प्रीमियम कैटेगरी के यात्रियों के लिए होगा जो इंजन के बाद पहला कोच होगा।

# वार्ड 41 में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का समापन

## भाजपा सरकार में महिलाओं को मिल रहा पूरा सम्मान, योजनाओं से बनीं स्वावलंबी: भूपेंद्र उपाध्याय





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का समापन झंडापुर वार्ड 41 में में हुआ। इसकी अध्यक्षता पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए जो काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया वह पिछले 70 सालों में नहीं हुआ था।

भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है। कहा कि महिलाओं के लिए बचत खाता खुलवाना, महिलाओं के नाम राशन कार्ड, मातृशक्ति के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उज्ज्वला योजना, देश की लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के जरिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वावलंबी बनाया।

उन्होंने ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से महिलाओं की भागीदारी के विधेयक को पास कर लागू करने में पिछली सरकारों ने रुचि नहीं दिखाई, लेकिन हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का विधेयक पास कर हमारी बहनों का मान बढ़ाने का कार्य किया है। इन अवसर पर बृज विहार मंडल अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल , इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष सुषमा गंगवार मंडल सुशील, सविता चौहान, ममता त्रिपाठी, लता रानी, सीमा भदोरिया, सरिता राणा, सुमन सिंह, शशि शर्मा, अनिल कटारिया, रिया, अंजू,शालनी आदि महिलाएं कार्यकर्ता उपस्थित रही। वही कार्यक्रम के बाद साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील शर्मा को कैबिनेट मंत्री बने और मिठाई बांट कर खुशी मनाई।

# विकसित भारत आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत सरकार की ओर से चल रही एक अनूठी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ के सभी 12 विकास खण्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प हेतु तेल और प्राकृतिक गैस निगम ओएनजीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अवंत फाउंडेशन के द्वारा एक आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य सभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत बाजपेई के करकमलों द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अवंत फाऊंडेशन के अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी के द्वारा, महाप्रबंधक नवीन पांडेय महापौर हरीकान्त अहलूवालिया महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज सीएमओ मेरठ व जिले से अन्य प्रशासनिक अधिकारियों मौजूद रहे। जिसके क्रियान्वयन के लिए अवंत फाउंडेशन ने तेल और प्राकृतिक गैस निगम के साथ 29 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर किए हैं। तेल और प्राकृतिक गैस निगम द्वारा समर्थित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आरोग्य रथ (चलित स्वास्थ्य इकाई) को एक वर्ष के कार्यकाल के लिए पूरे जनपद में एवं निकट के जनपदों में चलाने की योजना है। जिसके तहत जनपद के 12 विकास खंड में 250 स्वास्थ्य शिविर लगवाए जायेंगे और साथ ही कुपोषित बच्चों के लिए 14089 पोषण किट्स का वितरण किया जाएगा ।

जनपद के प्रत्येक गांव वर्ष पर्यन्त संचालित आरोग्य रथ (चलित स्वास्थ्य इकाई) में एक अनुभवी चिकित्सक और एक औषधियोजक उपस्थित रहेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जन - जन तक निरोगी काया को स्वस्थ रखने का संदेश पहुंचाना है। लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको दवाई उपलब्ध कराई जाएगी तथा उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा । जमीनी स्तर पर जनता के व्यापक कल्याण के लिए अवंत फाउंडेशन ने हमेशा देश भर में पहल की है। यह स्वास्थ्य केंद्रित कार्यक्रम न केवल स्वस्थ भोजन खाने की आदत को प्रोत्साहित करता है बल्कि स्वास्थ्य जीवन शैली बनाए रखने को भी प्रेरित करता है।

संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई ने इस कार्यक्रम के लिए ओएनजीसी के प्रबंध निदेशक अरूण कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक ए.पी सिंह, निदेशक मानव संसाधन मनीष पाटिल, मुख्य प्रबंधक आशु शर्मा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक अनमोल खन्ना ने बताया कि गाजियाबाद में रथ आएगा और लोगों को इस का लाभ मिलेगा।

# देवबंद जा रहे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को पुलिस ने मेरठ में रोका





- शिवशक्ति धाम डासना में लाकर तीन दिन के लिए किया नजरबंद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आज गजवा ए हिन्द के वास्तविक अर्थ पर इस्लामिक मौलानाओं से वार्ता करने दारुल उलूम देवबंद जा रहे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी और उनके शिष्यों को मेरठ पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया और परतापुर थाने में बैठाये रखा। बाद में मेरठ पुलिस ने उनके पूरे काफिले को डासना मन्दिर पहुंचाया जहां महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को तीन दिन के लिये नजरबन्द कर दिया गया। दारुल उलूम देवबंद जाने वालों में अनिल यादव, डॉ. उदिता त्यागी,मोहित बजरंगी तथा अन्य भक्तगण सम्मिलित थे। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने पुलिस और प्रशासन के व्यवहार को निराशाजनक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि इसके दोषी इस्लामिक कट्टरपंथी हैं जो सोशल मीडिया पर वार्ता के माहौल को बनने ही नहीं देते।

# पार्षद हिमांशु चौधरी ने मिठाई बांट कर मनाई खुशी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री बने पर साहिबाबाद गांव में पार्षद हिमांशु चौधरी ने कार्यकताओं के साथ मिठाई बांट खुशी मनाई। साथ ही आतिशबाजी नारे लगाकर मिठाइयां और फल बांट कर जश्न मनाया गया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि योगी मंत्री मंडल में साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के शामिल होने से साहिबाबाद के लाखों वोटरों का सम्मान बढ़ाया गया है। साहिबाबाद की जनता लंबे समय से सुनील शर्मा के मंत्री बनने का सपना सजोये हुए थी जो अब जाकर साकार हुआ है। मंत्री बनने के बाद सुनील शर्मा साहिबाबाद सहित उत्तर प्रदेश के विकास को ओर अधिक गति देने का काम करेंगे। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु चौधरी, श्री भगवान, चौधरी लोकेंद्र सिंह, सुबोध चौधरी, अंकुर कौशिक, सूरज पंडित, मनीष त्यागी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नगर निगम ने एनएच 9 से तिगड़ी गोल चक्कर तक कराया सड़क का निर्माण

## गाजियाबाद से नोएडा जाने वालों का सफर होगा आसान






**गाजियबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के निर्देश पर विजयनगर जोन के तहत 15वीं वित्त राशि से एनएच -9 से तिगड़ी गोल चक्कर तक 12.5 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया। इस मार्ग से हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसका मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक जीर्णोद्धार कराया जा रहा है, अधिकारियों द्वारा लगातार चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य अभियंता एन के चौधरी ने बताया कि विजयनगर जोन में अनेकों कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराए गए हैं आंतरिक सड़कों के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर भी कार्य जारी है जिसमें 12.5 मीटर लंबी तथा लगभग 7.5 मीटर चौड़ी सड़क एनएच 9 से तिगड़ी गोल चक्कर तक बनाई जा रही है जिसकी लगातार गुणवत्ता की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ती जा रही है जिसके क्रम में विजयनगर जोन में विशेष रूप से कई कार्य कराए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अभियंता एस के सरोज तथा निर्माण टीम भी मौके पर उपस्थित रही।

# होंठ कटा बेटा पैदा होने पर पत्नी ने छोड़ा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर निवासी एक युवती अपने पति को इस कारण छोड़कर मायके पंहुच गई कि उसके होठ कटा बेटा पैदा हुआ है। पति ने अपनी पत्नी को वापस दिलायें जाने की गुहार पुलिस के अलाधिकारियों से लगाई है। युवक ने बताया कि 2022 में उसकी शादी मोदीनगर की जगतपुरी निवासी युवती से हुई थी। दोनों खुशी से रह रहे थे। सितंबर 2023 में पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया। बच्चे का तालू, होंठ जन्म से कटा हुआ था। दिव्यांग बच्चे को देखकर पत्नी को उसके मायके वाले भड़काने लगे। युवक ने बताया कि ससुराल वाले उसकी पत्नी से कहते कि दिव्यांग बच्चे के साथ गुजारा कैसे करेगी। युवक ने बताया कि उसके ससुराल वाले अपनी बेटी की शादी दूसरी जगह कराना चाहते हैं। कहते हैं ये बच्चा तेरी पति में किसी कमी के कारण अपंग हुआ है। तू पति, बच्चे को छोड़ दे। तेरी कहीं और शादी करा देंगे।

# इनर व्हीलर क्लब द्वारा मेडिकल शिविर का आयोजन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गिन्नी देवी कॉलेज प्रांगण में अर्थशास्त्र विभाग से डॉ0 सारिका गर्ग, इतिहास विभाग से रश्मि चैधरी एवं संगीत विभाग से डॉ0 आकांक्षा सारस्वत के निर्देशन में इनर व्हीलर क्लब के सौजन्य से डीजे ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 वंदना शर्मा द्वारा किया गया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा श्रीमती रेनू गुप्ता ने महाविद्यालय की प्राचार्य को माला पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम की चेयरपर्सन क्लब की एडिटर श्रीमती ज्योति अग्रवाल रही। डीजे ग्रुप से आए हुए डॉक्टर की टीम जिसमें सीएस जोशी, डॉ0 पूजा पवार व डॉ0 छवि ने छात्राओं की आंख, नाक, कान, गला की जांच करने के उपरांत उनके शरीर में जो कमियां हैं उनके विषय में उन्हें विस्तार से बताया। साथ ही स्वस्थ शरीर के लिए उन्होंने शारीरिक व्यायाम एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह छात्राओं को दी।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** योगी सरकार के मंत्रिमंडल विधायक सुनील शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर राजेंद्र नगर से लखनऊ मिलने पहुंचे पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, प्रेम पाल यादव, रविंद्र कसाना और बिट्टू चौधरी ने इस मौके ओर उन्होंने गुलदस्ता देकर बधाई दी।

# धर्मशाला में इंग्लैंड फिर होगा चारों खाने चित, कहर बनकर टूटेंगे भारतीय स्पिनर्स !



**धर्मशाला ।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले की शुरूआत हो रही है। यह मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 3-1 से आगे है और पांचवां टेस्ट जीतकर इंग्लैंड को करारी शिकस्त देने की फिराक में है। हालांकि, इस पूरे सीरीज में पिच को लेकर काफी बातें हुईं। जब इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट जीता था तो वहां के पूर्व क्रिकेटरों ने स्पिन पिच को लेकर भारत पर तंज कसा था। इंग्लैंड को टर्निंग विकेट का सामना करना पड़ सकता है इसके बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए बिना ज्यादा स्पिन वाली पिचों पर भी इंग्लैंड को शिकस्त दी और 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बनाई। अब इस बात को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है कि धर्मशाला की पिच कैसी होगी। आमतौर पर देखा गया है कि धर्मशाला में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में यह बातें सामने आ रही हैं कि इस मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार की गई है। इंग्लिश बल्लेबाजों को एक बार फिर स्लो टर्निंग विकेट का सामना करना पड़ सकता है। स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिल सकता है मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पांचवें टेस्ट में एक बार फिर स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिल सकता है। दरअसल, धर्मशाला में फिलहाल मौसम की हालत खराब है। अगले कुछ दिनों तक वहां बारिश हो सकती है और मैच में खलल पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी से बचने और मैच को जल्दी खत्म करने के लिए पिच को स्लो टर्नर बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं बेमौसम बरसात की वजह से क्यूरेटर को पिच पर ज्यादा काम करने का मौका नहीं मिला। क्यूरेटर के भारतीय टीम मैनेजमेंट के साथ चर्चा करने की उम्मीद है और वह इस बात पर चर्चा करेंगे कि अंततः तैयार की गई पिच किस प्रकार की होगी। धर्मशाला में सिर्फ एक टेस्ट खेला गया इस रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड को स्लो टर्निंग विकेट की वजह से एक बार फिर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। धर्मशाला में अब तक एक ही टेस्ट मैच खेला गया है। साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस मुकाबले में जीत टीम इंडिया के हाथ लगी थी। इस मैदान पर पहली पारी में एवरेज स्कोर 300 का रहा है, जबकि दूसरी पारी में औसतन स्कोर 332 रन का रहा है। तीसरी पारी में औसतन स्कोर 137 का है, तो चौथी पारी में औसतन स्कोर 106 का है। धर्मशाला में स्पिनरों ने ज्यादा विकेट लिए धर्मशाला में अब तक एकमात्र टेस्ट में कुल 30 विकेट गिरे थे। इनमें से तेज गेंदबाजों ने 12 विकेट और स्पिनरों ने 18 विकेट लिए थे। ऐसे में इस बार भी स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। वहीं, टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह की वापसी से भी फायदा मिल सकता है। उन्हें रांची में चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि रांची में जबरदस्त डेब्यू करने वाले आकाश दीप को मौका मिलता है या फिर टीम मैनेजमेंट मोहम्मद सिराज पर ही भरोसा जताते हैं। रविचंद्रन अश्विन का यह 100वां टेस्ट मैच होगा और वह इस मौके को खास बनाना चाहेंगे।

# ओलंपिक क्वालिफायर में मुक्केबाजों का दयनीय प्रदर्शन जारी

**इटली।** विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूनामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के दयनीय प्रदर्शन का क्रम जारी है। दीपक बोरिया (51) और नरेंदर कुमार (92), जैस्मिन (60) की हार के बाद सोमवार की देर रात 80 भार वर्ग के पहले दौर में लक्ष्य चाहर भी बाहर हो गए। लक्ष्य को 2021 की एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ईरान के मेयसाम घेशलाघी ने तीसरे दौर में नॉकआउट कर दिया। पहला दौर लक्ष्य 2-3 से हारे और दूसरे दौर में वह 3-2 से जीते, लेकिन तीसरा दौर समाप्त होने से 20 सेकंड पहले मेयसाम के जोरदार प्रहार से वह धराशाई हो गए। शिवा थापा (63.5 भार) को मंगलवार की देर रात वर्तमान विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के रुसलान अब्दुलाएव से और निशांत देव (71) को इंग्लैंड के लुइस रिचर्डसन से खेलना है। अभी भी पांच भारतीय मुक्केबाज इस टूनार्मेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

# हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुकदमे की मांग की



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मुकदमा दर्ज करने के लिए एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव को एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि भारत में लगातार सनातन धर्म व हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है जिससे करोड़ों सनातन प्रेमी आहत व कुठित होते हैं। इसी कड़ी में तृणमूल कांग्रेस के विधायक, रामेंदु सिन्हा राय ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की। उन्होंने राम मंदिर को अपवित्र व दिखावटी बताते हुए यहां तक कहा कि किसी भी हिंदू को ऐसे अपवित्र स्थल पर पूजा करने नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सब जानकारी उन्हें सोशल मीडिया, प्रिंट-मीडिया, इलैक्ट्रोनिक मीडिया से प्राप्त हुई है जिससे उनकी भावनाएं भी आहत हुई हैं। अभिजीत मुखर्जी ने एसीपी को लिखे पत्र में कहा कि अभद्र टिप्पणी करने वालों पर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए। शिकायती पत्र देते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सागर मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष आर राम, मनोज सिंह, गोल्डी सहगल, संजीव गुप्ता, गगन अरोरा, किशोर कुमार, जुगनू ठाकुर, अजय राघव, नवीन पंडित, पवन शर्मा, सौरभ पांडे, शोएब, आदित्य कौशिक, संजीव गुप्ता आदि साथ रहे।

# भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन प्रधान कार्यालय पर हुआ। सभी विद्वानों ने अपने विचार रखें, जिसमें सर्वसम्मति से महासभा के ओमप्रकाश पोखरियाल को महासभा परामर्श बोर्ड में शामिल किया गया। महासभा के डॉ0 करुण शर्मा को महासभा प्रवक्ता तथा एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल को महासभा मिडिया प्रभारी व आशुतोष द्विवेदी को महासभा सह संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया।



आचार्य राम नरेश सेमवाल व पंडित आशीष कुमार पोखरियाल समस्त विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए महासभा के सदस्य बने। हरिकृष्ण, शिवम पाण्डेय, रामनरेश सेमवाल व ललित मिश्रा को महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विद्वानों ने महासभा अध्यक्ष के कार्य, मार्गदर्शन व महासभा प्रगति पर पूर्ण संतुष्टि व प्रसन्नता व्यक्त की। महासभा अध्यक्ष पंडित के0 सी0 पाण्डेय ने कहा कि सभी विद्वान महासभा के मूल उद्देश्य पर ही ध्यान केंद्रित रखें एवं लक्ष्य पर ही कार्य करें ।महासभा के मार्गदर्शन की सामाजिक स्वीकार्यता व जन विश्वास सकारात्मक सोच तथा धर्मशास्त्र अनुकूल निर्णय के कारण निरंतर बढ़ रही है। सही सोच के साथ एकता से संगठित रहने में ही विद्वानों की गरिमा है। बैठक में डॉ0 वासुदेव शर्मा व पंडित हरीश शर्मा, विशिष्ट सदस्य अनिल वाजपेयी, परामर्श बोर्ड विद्वान पंडित आशुतोष शुक्ला, उपाध्यक्ष पंडित आदित्य भारद्वाज, पंडित ब्रजेश कौशिक, मंत्री पंडित गौरव कौशिक, महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, लेखानिरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी, महासभा प्रचारक पंडित प्रशांत वशिष्ठ, महासभा प्रवक्ता डॉ0 करुण शर्मा, मिडिया प्रभारी पंडित सर्वेश तिवारी व एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल, अजय पाण्डेय, शैलेन्द्र शास्त्री, हरिकृष्ण, पंडित आशुतोष द्विवेदी, ओमप्रकाश पोखरियाल जी, शिवम पाण्डेय, रामनरेश शास्त्री, आशीष कुमार पोखरियाल, ललित मिश्रा, अजय त्रिपाठी शामिल रहें।

# डॉ0 राजकुमार सागवान का हुआ जोरदार स्वागत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भाजपा लोकदल गठबंधन प्रत्याशी डॉ0 राजकुमार सागवान का यंहा जोरदार स्वागत किया गया। छात्र राजनीति में जूनियर रहे मेरठ विश्वविद्यालय के साथी डॉ0 अरुण त्यागी द्वारा छाया स्कूल के सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया और विद्या के मंदिर से चुनाव प्रचार की शुरूआत की शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उनको बड़ी जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ0 सागवान ने कहा मैंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित रखा है और अब मुझे और बड़े स्तर पर सेवा करने का शुभ अवसर आप लोगों के आशीर्वाद से मिला है। जिसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह करूंगा। इस अवसर पर लोकदल के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र तोमर, जिला रणबीर दहिया, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुमन चैधरी, जिला अध्यक्ष अमित त्यागी, राम भरोसे मौर्य, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल, सुनील रोहटा, बाबा परविंदर आर्य, जयदीप, योगेंद्र डागर सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।






## जनरल आयें या अरूण पर चुनाव दफ्तर पर डेरा डाल लेगें तरूण

भगवा गढ़ का विधायक टोला क्या बोला या क्या नही बोला और राज्यसभा वाले क्या कह रहे हैं इससे बेखबर सगंठन वाले देवतुल्य सिर्फ और सिर्फ सरकार बनाने पर मथंन कर रहे हैं। कहने वाले ने कहा कि जैसे मिंटा जी के अब चुनाव कार्यालय पर दीदार होगें वैसे ही आप को तरूण भी चुनाव दफ्तर पर ही दिखाई देगें। वो भले ही जनरल के यहां भी नजर आते हों और अरूण सिंह के आने की कवायद से जुड़े फोन भी तरूण के पास ही आते हों लेकिन वो सही मायनों में वर्कर हैं और लोकसभा की पिच पर उनकी वफादारी के यार्कर का पता ही नही चलता। कोई आये कोई जाये लेकिन कार्यकर्ता का काम पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ाना ही है तो ऐसे ही जनरल आयें या अरूण आयें लेकिन गाजियाबाद के भगवा तरूण भाजपा के लोकसभा चुनावी दफ्तर पर डेरा डाल लेगें। किसी गांव शहर या फिर किसी मौहल्ले या बाजार में वो चुनाव प्रचार करें या ना करें और भले ही पार्टी उम्मीदवार के लिये वोट ना मांगें मगर अपना नबंर नोट भी करायेगें और सामने आने वाले बड़े नेता का नबंर नोट जरूर करेगें।

## ऐसे तो लड़ा लिया हाथ वालों ने अपने उम्मीदवार को चुनाव

हाथ वालों के पाले में लोकसभा सीट की उम्मीदवारी आ जरूर गई हैं लेकिन उम्मीद लग नही रही है। सगंठन वालों ने पार्टी का फैसला सर माथे पर लेने के बजाय साफ कह दिया कि उम्मीदवार यहां के मिजाज के हिसाब से कैलीबर वाला ही देना। हाथ वालों का साथ साईकिल वालों को देना हैं और सीन ये है कि दोनो ही इंटरनली साथ नही हैं। कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने कौन होगा कांग्रेस से उम्मीदवार वाली बात में इंट्रेस्ट लेने के बजाय फूल वालों के यहां चल रही उठा पटक में रूचि ली। उन्होने सोशल मीडिया पर अपना अनुमान बताया और कहा कि गाजियाबाद लोकसभा सीट से तीसरी बार भी जनरल वीके सिंह ही बीजेपी से लोकसभा उम्मीदवार हो सकते हैं। कांग्रेस के पूर्व पार्षद की बात पर सहमति की मुहर भी समाजवादी ने ही लगाई। फूल वाले ने ही कहा कि ये दोनो ही अघोषित भाजपाई हैं। अगर सपाई और हाथ वाले इतनी रूचि भाजपा उम्मीदवार में लेगें तो प्रचार में भी पतनाले उधर ही गिरेगें। इस सीन को देखकर पुराने कांग्रेसी ने ही कहा कि समझ में अभी से ही आ रहा है कि लोकसभा चुनाव में इस बार साईकिल और कांग्रेस के गठबधंन को कितने वोट मिलेगें। आप देख लेना मतदान वाले दिन ये हाथ और साईकिल वाले कमल फूल वालों के बस्ते पर बैठें मिलेगें फूल वाले साइलेंट बैठे हैं, वेट एंड वॉच मोड पर हैं मगर हाथवाले रैफरी हुये जा रहे हैं।

## मेंबर अड़ा था फोटो को लेकर फिर मैनेज हो गया नोटो को लेकर

वो लहर में चुनाव क्या जीत गये अब कमाई के चक्कर में वो कहर ढा रहे हैं। घूम घूम कर नजर इस बात पर है कि कौन कौन वार्ड में घर बना रहे हैं। फूल मेंबर निर्माण के फोटो खीचंते हैं और फिर हूल सरकार की भी देते हैं। जिस घर पर मेंबर ने स्टीकर लगाया था और स्टीकर पर लिखा था मेरा घर भाजपा का घर अब उसी घर पर मेंबर की नजर है। घर वालों ने निर्माण शुरू कराया तो मौहल्ला मेंबर ही अपने मोबाईल से निर्माण के फोटों खींच लाया। कभी जीडीए में शिकायत की धमकी तो कभी खबरनवीसों की हूल। समझाने पर भगवा मेंबर उन फोटो को लेकर अड़ गया और कहने लगा कि यदि मै डिलीट कर भी दूं तो भी जेई तो एक्शन लेगा ही। उधर जेई ने भी बता दिया कि मेरी तरफ से कुछ नही है आप उसे यानि मेंबर को मैनेज कर लो। जिस बात को लेकर ईमानदारी का बैटल हो रहा था वो मामला बीस में सैटल भी हो गया। जिन फोटो को लेकर मेंबर डैमेज की बात पर अड़ा उन्ही फोटो को वो नोटो के बाद मैनेज भी हो गया।

# अशोक भारतीय ने मंत्रिमंडल के संतुलित विस्तार पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** व्यापारी एवं एवं सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ अशोक भारतीय ने उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ने जिस तरीके से उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण, राजभर, चौहान और दलित विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई है उससे जाहिर होता है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो अपने नारे के अनुसार सबको साथ लेकर चल रही है। इस विस्तार में सभी जातियों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। अशोक भारतीय ने कहा कि इससे लगता है कि उत्तर प्रदेश में 80 तथा देश भर से 400 से ज्यादा सांसदों की जीत का लक्ष्य प्राप्त करने में भाजपा को कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में सफल होगा।



# प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल तरीके से रैपिड रेल का उद्घाटन

## स्कूला बच्चों ने भी जमकर लिया रेल का लुत्फ

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बुधवार को मोदीनगर में भारत की पहली रैपिड रेल नमो भारत का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों ने बच्चों ने भी देश की प्रथम रैपिड रेल का लुफ्त उठाया। बुद्ववार की सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता से वर्चुअल तरीके से रैपिड रेल का उद्घाटन किया।



इस कार्यक्रम में मोदीनगर के प्रतिष्ठित स्कूल डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल के सौ बच्चे तथा कुछ शिक्षकगण भी सम्मिलित हुए। रेल मोदीनगर साउथ स्टेशन से मेरठ भूड़भड़ाल स्टेशन तक जाकर वापस मोदी साउथ स्टेशन पर पंहुची। सभी बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर रेल का स्वागत किया। इस मौके पर मोदीनगर स्टेशन व ट्रेन को फूलों व गुब्बारों से सुंदर सजाया गया था। एनसीईआरटीसी की तरफ से सभी बच्चों को नमो भारत चिन्हित उपहार स्वरूप भेट किया गया। बच्चे रैपिड रेल का सफर कर अति प्रसन्न दिखाई दिए। बच्चों ने रेल की जमकर प्रशंसा की, उन्होंने बताया कि रैपिड रेल का सफर काफी सुविधाजनक है तथा रेल में अलग से प्रीमियम कोच भी है। एनसीआरटीसी समेत जिला प्रशासन और मोदीनगर पुलिस ने पहले से ही पूरी तैयारी कर ली थी।

इस रेल के चलने से मेरठ दिल्ली से जुड़ गया है। जिससे मेरठ और मोदीनगर से दिल्ली जाने वाली यात्रियों को सुविधा हागी। जो विद्यार्थी पढ़ने के लिए मोदीनगर से दिल्ली जाने में असुविधा महसूस करते थे, उनके लिए भी यह रेल सुविधाजनक साबित होगी, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति निश्चित है। मोदीनगर में रैपिड रेल के स्टेशन बनने से मोदीनगर की प्रगति भी संभव है।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपी गिरफ्तार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** युवती को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने युवती का मजिस्ट्रेट के समक्ष भी बयान दर्ज कराया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती रविवार रात को बाजार गई थी। दुकान के पास एक मकान में युवती को खींचकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म का विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की। किसी तरह युवती अपने घर पहुंची और अपनी मां को आपबीती सुनाई। इसके बाद वह थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी अनुज, देवांश निवासी आदर्श नगर कॉलोनी और मयंक निवासी परीक्षितगढ़ मेरठ को गिरफ्तार चालान कर दिया है। युवती का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करा दिए गए है।




## कब हटेंगी कमिश्नरेट के कार्यालयों से महिला पुलिसकर्मी



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चर्चा हो रही है की महकमे वाले क्या लखनऊ वाले साहब का आदेश नहीं मानते हैं। दो दिन पूर्व यूपी पुलिस के सबसे बड़े अधिकारी ने आदेश दिया था कि महिला पुलिसकर्मियों किसी भी कार्यालय और पहरे पर ड्यूटी नहीं लगेगी लेकिन इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी नजर नहीं आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट के तमाम खास कार्यालय और साइड लाइन वाले ऐसे ऑफिस हैं जहां अभी भी महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। वहीं एसीपी साहब लोगों के कार्यालय में भी उनकी ड्यूटी चल रही है। अभी कुछ दिन पहले भी तमाम कार्योलय से फिर बदलाव वाले कार्य को अंजाम दिया गया था। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला पुलिसकर्मियों को लेकर कुछ परिवर्तन वाला सीन देखने को नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि जल्द ही कई प्रमुख कार्यालयों और खास जगह से महिला स्टाफ को इधर-उधर किया जा सकता है। वहीं फिलहाल कमिश्नरेट में किसी थाने में महिला की ड्यूटी पहरे पर तो नहीं रहती हैं, इसलिए इस पर कोई असर देखने को नहीं मिलेगा। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के मामले में काफी सशक्त माना जाता है। यहां कई महिला गजटेड अधिकारियों से लेकर पिंक बूथ पर महिला प्रभारी, महिला पर थाने का प्रभार और महिला थाना जैसे सभी कोरमा भी पूरे किए जा रहे हैं। वहीं कई प्रमुख व बेदह खास पदों पर भी महिला को तैनाती दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही इस पर भी फैसला लिया जा सकता है। बता दें की महिला दिवस से पूर्व लखनऊ वाले साहब का आदेश बता रहा है कि कहीं ना कहीं इस आदेश को भी महिलाओं की सहूलियत और उनके कार्यक्षेत्र में कुछ सुधार को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि महिला दिवस के मौके पर भी महिला पुलिसकर्मियों के लिए कोई खास घोषणा की जा सकती है। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि जल्द ही पिंक बूथ की भी रैंकिंग वाली रिपोर्ट शुरु कर दी जाएगी ताकि इन बूथों की वर्किंग की भी मॉनेटरिंग की जा सके।

# संस्कार कॉलेज में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संस्कार कॉलेज में राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस को फार्मा अन्वेषण के रूप में मनाया गया, जिसका विषय 'लीवरेजिंग सिनर्जिज्मः इंडस्ट्री-एकेडेमिया पार्टनरशिप फॉर इम्प्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' था। भारत में फामेर्सी शिक्षा के जनक के रूप में जाने जाने वाले प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती पूरे भारत में मनाई जाती है। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती को श्रद्धांजलि के रूप में पारंपरिक शुभ दीप-प्रज्जवलन समारोह के साथ हुई।





इस अवसर पर जीनस हेल्थकेयर सॉल्यूशन और आईटी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से मेडिकल कोडिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्रों की जन्मजात प्रतिभा को सामने लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग विषय पर मौखिक प्रस्तुति और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विभिन्न स्पधाओं में सभी विजेताओं की सराहना की गई और उन्हें प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए। डी.फार्मा, बी.फार्मा और एम.फार्मा पाठ्यक्रमों के सभी छात्रों ने राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस के उत्सव को एक शानदार सफलता बनाने के लिए अधिक उत्साह और उत्साह के साथ भाग लिया। अध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता, लव अग्रवाल, कुश अग्रवाल, निदेशक, प्रोफेसर डॉ. बबीता कुमार, विभागाध्यक्ष, डॉ. शबनम ऐन और डॉ. अनुराधा सिंह ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी और सभी मित्र फार्मासिस्टों को शुभकामनाएं दीं। उनका उज्ज्वल भविष्य. कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कुर्रतुल ऐन, डॉ. अजीत और सुश्री अक्षू राठी द्वारा बहुत अच्छे से किया गया।

# आईटीएस कॉलेज में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता मेरा वोट मेरा भविष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों एवं संस्था के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस अवसर परआईटीएस के निदेशक डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और छात्रों से अपील की कि वो अपने वोट की कीमत को पहचानें और बेहतर भविष्य के लिए वोट करें।. उप प्रधानाचार्य प्रोफेसर नैंसी शर्मा ने अपने मतदान का प्रयोग करने और अपने घर, आसपास के दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ पर ले जाने की बात कही। कार्यक्रम के संचालक प्रो0 अमित शर्मा ने कहा कि हमारा वोट हमारा अधिकार हैकार्यक्रम में प्रो0 अमित शर्मा, विकास त्यागी, डॉ0 संदीप गर्ग, प्रो0 विकास कुमार, प्रो0 आदिल खान, प्रो0 नीरज जैन, प्रो0 अनुभा श्रीवास्तव, प्रो0 प्रशान्त त्यागी एवं बीबीए तथा बीसीए पाठ्यक्रमों के छात्रों ने भाग लिया।







# आदर्शनगर खोड़ा में भागवत कथा का भव्य आयोजन

## कथावाचक रमन बापू की सुन्दर प्रस्तुति, मनोरम झांकियों के बीच श्रद्धालुओं की भीड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कालोनी के आदर्श नगर वार्ड नम्बर 5 में लगातार सात दिन से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा वाचक रमन बापू भागवत कथा की सुन्दर प्रस्तुति दे रहे हैं। भागवत कथा के सातवें दिन कान्हा का जन्म एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। पहले दिन भी बड़ी संख्या में कलश यात्रा से कथा का आयोजन शुरू किया गया।

बता दें कि प्रतिदिन सुन्दर-सुन्दर झांकियों के साथ हवन से शुरूआत होती है जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु हवन करते हैं। मंगलवार को सुन्दरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। भागवत कथा का आयोजन आदर्श नगर मदर डेयरी वाली गली के लोग मिलजुल कर रहे हैं जिसमें अयोजकों में मुख्य रूप से टीकम चौधरी, हरिओम गुप्ता, निधि, अल्का रहे। रोज कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



कथा वाचक रमन बापू भागवत कथा की सुन्दर प्रस्तुति दे रहे हैं।

## युवक ठग कर ले गया बीस हजार रुपए

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित शिवम विहार कॉलोनी में एक युवक महिला से बीस हजार रुपए ठग कर ले गया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ठगी करने वाले युवक की तलाश कर रही है। नगर की शिवम विहार कॉलोनी निवासी राज मिस्त्री महेन्द्र सिंह राज अपनी पत्नी राजकुमारी ,पुत्र शिवा ,पुत्री वर्टिका के साथ रहते है। गुरुवार दोपहर दो बजे के आसपास उनके घर पर बाइक सवार युवक आया। युवक ने महेन्द्र सिंह से कहा कि आपके पास वाला प्लॉट मेरा है और यहां पर समरसिबल कराना है और आप मेरे साथ चलो। इसके बाद महेन्द्र सिंह उक्त युवक की बाइक पर बैठ गए।

युवक उन्हें जलालपुर रोड पर ले गया और वहीं पर उतार दिया। युवक महेन्द्र सिंह से सात सौ रुपए लेकर थोड़ी देर में आने की बात कहकर चला गया। इसके बाद वह उनके घर पहुंचा और पत्नी से कहा कि महेन्द्र सिंह ने 13 हजार रुपए जल्द से जल्द मगवाए है। इसके बाद उनके पत्नी अंदर से पैसे लेकर आई और गिनने लगी।

## न्यूज डायरी

### 'रमजान तक नहीं रुका युद्ध तो बद से बदतर होंगे हालात', हमास-इस्राइल जंग पर बाइडन ने चेताया



वॉशिंगटन। इस्राइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला कर कई सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था। बाद में, इस्राइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। बीच में कहा जा रहा था कि एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है और बंधकों को आजाद कराया जा सकता है। हालांकि, बाद में उम्मीद पर पानी फिरता दिखाई दिया। अब इस पूरे मामले पर अमेरिका सख्त हो गया है। उसने चेतावनी दी है कि अगर रमजान तक संघर्ष विराम समझौता नहीं होता है तो स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। बता दें, काहिरा में बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि संघर्ष विराम के लिए इस्राइल ने हमास के सामने कुछ शर्तें रखी हैं, इसलिए अब यह पूरा समझौता हमास के ऊपर निर्भर है कि वह स्वीकारता है या नहीं। अमेरिका हुआ दोनों पक्षों से परेशान यह कहते हुए कि ये हमास पर निर्भर है कि वह एक समझौते को स्वीकार करे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को चेतावनी दी। वहीं, गाजा को दूसरी बार सहायता देने पर बाइडन ने अपने सहयोगी इस्राइल से यह भी कहा कि फलस्तीनी एन्क्लेव में और अधिक सहायता नहीं देने के लिए कोई बहाना नहीं है। जो बाइडन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका दोनों पक्षों गाजा और इस्राइल से परेशान हो गया है। क्योंकि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी हठ पर अड़े हुए हैं। हमास के हाथों में...मैरीलैंड की पहाड़ियों में कैंप डेविड प्रेसिडेंशियल रिट्रीट से व्हाइट हाउस लौटते हुए 81 वर्षीय बाइडन ने पत्रकारों से कहा, 'यह अभी हमास के हाथों में है। इस्राइली सहयोग कर रहे हैं, संघर्ष विराम का प्रस्ताव तर्कसंगत है। हमें कुछ दिनों में पता चल जाएगा, लेकिन हमें संघर्ष विराम की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'रमजान आने वाला है इसलिए युद्ध विराम होना चाहिए। अगर ऐसे हालात बनते है कि यह युद्ध रमजान तक जारी रहता है तो यह बहुत-बहुत खतरनाक हो सकता है।' बता दें, रमजान चंद्र कैलेंडर के आधार पर 10 या 11 मार्च से शुरू होगा। 30 हजार से अधिक जा चुकी हैं जानें गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। इससे पहले, इस्राइल ने गाजा संघर्ष विराम और बंधकों को रिहा कराने के संबंध में बातचीत करने के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल को काहिरा नहीं भेजने का फैसला लिया था। इस्राइल की थी यह दो मांग इस्राइल ने यह फैसला ऐसे समय में लिया, जब हमास उसकी दो मांगों को मानने में असफल रहा। पहली मांग यह थी कि इस्राइल ने बंधकों की एक सूची मांगी थी, जिसमें हमास को बताना था कि कितने बंधक जीवित है और कितने मर गए। वहीं, दूसरी यह कि बंधकों के बदले में इस्राइल की जेलों से रिहा होने वाले फलस्तीनी कैदियों के अनुपात की पुष्टि करना।

### चीन बोला- मालदीव से रिश्तों में कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं; सैन्य समझौते पर साधी चुप्पी



बीजिंग। चीन ने मालदीव के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच आपसी रणनीतिक सहयोग साझेदारी बरकरार रखने की प्रतिबद्धता जताई है। उसका कहना है कि दोनों देशों के बीच सामान्य सहयोग में कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं है। इसके साथ ही तीसरे पक्ष से इसमें कोई बाधा भी नहीं आएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से जब मालदीव के साथ चीन के सैन्य समझौते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मामले से जुड़े चीनी अधिकारियों से बात करने को कहा। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा कि चीन और मालदीव के बीच दोस्ताना रिश्तों की वजह से कोई तीसरा पक्ष निशाने पर नहीं आएगा और न ही किसी तीसरे पक्ष को इसमें अड़चन पैदा करनी चाहिए। दरअसल, चीन ने मालदीव के साथ मुफ्त सैन्य सहायता मुहैया करने को लेकर एक रक्षा सहयोग समझौता किया। इसे लेकर ही माओ ने यह प्रतिक्रिया दी है। कुछ सप्ताह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों के पहले समूह के मालदीव छोड़ने के लिए समयसीमा तय की थी। ऐसे में माओ के बयान को भारत से जोड़कर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में अर्धसैनिक बलों पर आतंकी हमला, दो सैनिक मारे गए
अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक तलाशी अभियान के दौरान अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर की एक टीम पर आतंकवादियों के हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार, अर्धसैनिक बल की टीम अफगानिस्तान की सीमा से लगे बन्नू जिले के सापारी इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी, जब पहाड़ी रास्ते पर चढ़ते समय उन पर हमला किया गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने सुरक्षा पर हमले की निंदा की है।

### भारत ने पाकिस्तान को फिर लिया आड़े हाथ, कहा- ओआईसी के मंच का दुरुपयोग करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण




जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। पाकिस्तान के इस बर्ताव की आलोचना करते हुए भारत ने कहा कि उसे अपने बेहद खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की वैश्विक पहचान ह्वदुनिया की आतंकवाद फैक्टरीह्व के रूप में बन गई है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में अवर सचिव जगप्रीत कौर ने यूएनएचआरसी के 55वें नियमित सत्र में सामान्य बहस में देश के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले पाकिस्तान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से बोलते हुए जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। कौर ने कहा, पाकिस्तान के पास कुछ भी रचनात्मक नहीं है। आत्मनिरीक्षण का आग्रह भारत की तरफ से जगप्रीत कौर ने कहा, हम ऐसी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देकर इनको बढ़ावा देना नहीं चाहते और केवल उस प्रतिनिधिमंडल से अपने स्वयं के बेहद खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड और दुनिया की आतंकवाद फैक्टरी के रूप में उनकी वैश्विक पहचान पर फिर से इस मंच का सहारा ले रहे हैं। कौर ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल से आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल से आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह किया।

### प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करने जोर दिखाएंगे निक्की-ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका में आम चुनाव होने वाले हैं। इस बीच अमेरिका में आज का मंगलवार राष्ट्रपति पद की आस रखने वाले नेताओं के लिए काफी अहम है। आज मुख्य चुनाव से पहले सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा, जहां रिपब्लिकन पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए एक तिहाई से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। आज का दिन सुपर मंगलवार भी कहलाता है। आज 16 राज्यों में रिपब्लिकन उम्मीदवारों के लिए 15 तो वहीं डेमोक्रेट उम्मीदवारों के लिए 16 प्रतियोगिताएं होंगी। इन 16 शहरों में होगा सुपर मंगलवार का कार्यक्रम अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, उत्तरी कैरोलिना, ओक्लाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, यूटा, वर्मोंट, वर्जीनिया और अमेरिकी समोआ। इन नेताओं के पास इतने प्रतिनिधियों का समर्थन रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 244 प्रतिनिधियों का समर्थन जीत चुके हैं। वहीं, निक्की हेली के पास महज 43 प्रतिनिधियों का ही समर्थन है। दोनों प्रतिनिधियों को जीतने के लिए 1215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। डेमोक्रेट्स में जो बिडेन ने 206 प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल किया है और उन्हें 1918 प्रतिनिधियों के समर्थन की आवश्यकता है। एरिजोना सीनेटर की घोषणा- नहीं लड़ेंगी अगला चुनाव इस बीच एरिजोना की स्वतंत्र उम्मीदवार ने घोषणा की कि वे अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में उन्होंने कहा कि मुझे एरिजोना पंसद है। हमने यहां जो भी किया, इस पर मुझे गर्व है। मैं सभ्यता और समझ के साथ काम पूरा करने में विश्वास करती हूं। मैं घोषणा करती हूं कि इस साल के अंत में मैं सीनेट छोड़ दूंगी।

# 'बेटे को सुरक्षित स्थान पर जाने नहीं दिया', रॉकेट हमले में मारे गए भारतीय नागरिक के पिता का छलका दर्द



#### इस्राइली दूतावास ने दुख जताया

इस घटना पर इस्राइली दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, हम भारतीय मूल के नागरिक की मौत और घायल होने की खबर से दुखी हैं। यह हमला शिया आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने तब किया जब वे मारगैलियट में एक बाग में खेती कर रहे थे। इस घटना के बाद भारत ने इस्राइल में रह रहे भारतीयों के लिए एक एडवायजरी जारी की है। एडवायजरी में कहा गया, सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह को मद्देनजर रखते हुए इस्राइल में रहने वाले सभी भारतीय खासकर जो सीमावर्ती इलाकों में रह रहे हैं, वह इस्राइल में ही किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाए। दूतावास इस्राइली अधिकारियों से लगातार संपर्क में है।

यरूशलम। इस्राइल के मारगैलियट में सोमवार को मिसाइल हमले में भारतीय मूल के एक नागरिक की मौत हो गई। वहीं इस मिसाइल हमले में दो अन्य घायल भी हुए हैं।
मृतक की पहचान पैट निबिन मैक्सवेल के तौर पर की गई है। तीनों पीड़ित केरल से ताल्लुक रखते हैं। पिता ने बताई मौत की कहानी हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल में रॉकेट हमले किए। मृतक के पिता पैथरोज मैक्सवेल के अनुसार, इस्राइल के अधिकारी उनके बेटे को सुरक्षित स्थान पर जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे। मीडिया से बात करते हुए पैथरोज मैक्सवेल ने कहा, मेरा बड़ा बेटा भी इस्राइल में है। उसने मुझे सोमवार को साढ़े चार बजे कॉल किया और बताया कि निबिन घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। आधी रात को करीब 12.45 बजे उसकी मौत की खबर आई। पिता ने बताया कि पैट निबिन मैक्सवेल दो महीने पहले काम के सिलसिले में इस्राइल गया था। युद्ध के दौरान वह एक फॉर्म में काम कर रहा था। वह अपनी पत्नी और पांच साल की बेटी के साथ रहता था। उसकी पत्नी सात महीने की गर्भवती है। अन्य दो घायल व्यक्तियों की पहचान बुश जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के तौर पर की गई है।


## ट्रंप और बाइडन की सुपर ट्यूसडे प्राइमरी इलेक्शन में धमाकेदार जीत, निक्की हेली रेस से हो सकती हैं बाहर

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेट पार्टी के प्राइमरी चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज की है और सुपर ट्यूसडे को हुए प्राइमरी इलेक्शन में सिर्फ एक राज्य को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में जीत दर्ज की है। वहीं बाइडन के विरोधी डोनाल्ड ट्रंप ने भी रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में अधिकतर राज्यों में जीत दर्ज की है। ट्रंप की जीत के बाद निक्की हेली पर राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर होने का दबाव बढ़ गया है। जो बाइडन बनाम ट्रंप होना तय जो बाइडन को डेमोक्रेट प्राइमरी चुनाव में सिर्फ अमेरिकन सामोआ को छोड़कर अन्य राज्यों में जीत मिली है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्टस के अनुसार, जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में कोई खास चुनौती नहीं मिल रही है और नवंबर में वहीं ट्रंप के सामने राष्ट्रपति पद के तगड़े दावेदार हैं। जो बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर काफी बातें हो रही हैं, लेकिन जिस तरह से बाइडन ने प्राइमरी में जीत दर्ज की है, उसे देखते हुए लग रहा है कि शायद ही कोई नेता बाइडन की जगह ले पाए। डोनाल्ड ट्रंप सुपर ट्यूसडे को हुए 15 राज्यों के प्राइमरी चुनाव में से 11 में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली को सिर्फ वेर्मोन्ट में जीत मिली है। वहीं ट्रंप को कैलिफोर्निया, टेक्सास, नॉर्थ कैरोलाइना, टेनेसी, अलबामा, वर्जीनिया, ओकलाहामा, अरकंसास, मैसाच्युसेट्स, उटा, मिनेसोटा, कोलोराडो और मेन में जीते हैं। 1215 डेलिगेट्स का समर्थन जरूरी अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदारी जीतने के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन जरूरी होता है। सुपर ट्यूसडे के नतीजों से पहले ही ट्रंप के पास 244 डेलिगेट्स का समर्थन था। वहीं हेली के पास 43 डेलिगेट्स का समर्थन है। आब जब ट्रंप सुपर ट्यूसडे इलेक्शन में लगभग क्लीन स्वीप कर चुके हैं तो यकीनन ट्रंप राष्ट्रपति पद की दावेदारी जीतने के करीब आ गए हैं। निक्की हेली ने बीते शनिवार को ही कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी और किसी प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज करने वाली वे अमेरिकी इतिहास की पहली रिपब्लिकन महिला हैं। साथ ही भारतीय मूल की भी पहली महिला हैं, जिन्होंने प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की।

## जानिए कौन हैं मुहम्मद औरंगजेब, जिन्हें मिल सकती है पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने की चुनौती

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद पीएमएल-एन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हो चुका है। शहबाज शरीफ के पीएम पद की शपथ लेने के बाद कैबिनेट में किन नेताओं को शामिल किया जाए, इस पर मंथन हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान के शीर्ष बैंकर मुहम्मद औरंगजेब देश के नए वित्त मंत्री बन सकते हैं। पाकिस्तान की खराब आर्थिक हालत के चलते वित्त मंत्री के पद पर सभी की निगाहें हैं। मुहम्मद औरंगजेब ने पीएमएल-एन पार्टी के मुखिया नवाज शरीफ से भी मुलाकात की है, जिसके बाद उनका नाम वित्त मंत्री पद के लिए लगभग तय माना जा रहा है। कौन हैं मुहम्मद औरंगजेब मुहम्मद औरंगजेब कराची स्थित हबीब बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष और सीईओ हैं। मुहम्मद औरंगजेब को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में काम करने का अनुभव है। पीएम शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हाल ही में पाकिस्तान में आर्थित स्थिति को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में भी मुहम्मद औरंगजेब ने शिरकत की थी। औरंगजेब के पास भी दोहरी नागरिकता है। मुहम्मद औरंगजेब जेपी मोर्गन ग्लोबल कॉरपोरेट बैंक के एशिया बिजनेस के सीईओ भी रह चुके हैं। वह अकेले पाकिस्तानी हैं, जिन्हें ग्लोबल सीईओ काउंसिल की एक्सक्लूसिव मेंबरशिप के लिए आमंत्रित किया गया था। मुहम्मद औरंगजेब पाकिस्तान बैंक एसोसिएशन के चेयरमैन और पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। पीएमएल-एन की पिछली दो सरकारों में इशाक डार ने वित्त मंत्री का पद संभाला था। इशाक डार पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इस बार इशाक डार को वित्त मंत्री का पद नहीं मिलेगा, लेकिन उन्हें कैबिनेट में कोई अन्य अहम पद दिया जा सकता है। नए वित्त मंत्री के सामने ये हैं चुनौती पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। ऐसे में नए वित्त मंत्री के सामने देश को आर्थिक संकट से निकालने की बड़ी चुनौती है। सबसे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री के सामने आईएमएफ के साथ तीन साल की एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी की डील करने की चुनौती है। पीएम शहबाज शरीफ ने संबंधित अथॉरिटी को डील के लिए आईएमएफ से बातचीत शुरू करने का निर्देश दे दिया है। आईएमएफ के साथ पाकिस्तान की मौजूदा स्टैंड बाय एग्रीमेंट डील इस साल 12 अप्रैल को पूरी हो जाएगी। इसके तहत पाकिस्तान को 1.1 अरब डॉलर की और आर्थिक मदद मिलनी है। पाकिस्तान की सरकार में जिन नामों को कैबिनेट में अहम पद मिल सकते हैं, उनमें अहसान इकबाल को आंतरिक मामलों का मंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को फिर से उसी पद पर, मुसादिक मलिक को पेट्रोलियम मंत्री और अत्ता तरार को सूचना मंत्री बनाया जा सकता है।

## कंपनी का दावा- उसके पास 10 साल पहले लापता प्लेन एमएच 370 के सबूत, मलेशियाई सरकार के सामने रखा यह प्रस्ताव




वॉशिंगटन। मलेशियाई एयरलाइंस का लापता विमान एमएच 370 आज भी रहस्य बना हुआ है। यह विमान मार्च 2014 में कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए रवाना होने के बाद गायब हो गया था। इसमें 239 यात्री भी सवार थे। इसकी खोज कई महीने चली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। अब अमेरिका की एक कंपनी ने दावा किया है कि उसके पास करीब एक दशक से लापता विमान से जुड़े कुछ वैज्ञानिक सबूत हैं। मलेशिया सरकार के पास प्रस्ताव अमेरिकी कंपनी ओशन इन्फिनिटी पहले ही विमान की खोज के लिए मलेशिया सरकार को एक प्रस्ताव सौंप चुका है। अब उसने दक्षिणी हिंद महासागर में तलाश करने का प्रस्ताव रखा है, जहां माना जाता है कि विमान एक दशक पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यहां तलाश करना हमेशा दिमाग में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर प्लंकेट ने कहा, 'हम अब विमान को खोजने चाहते हैं। हमने महसूस किया कि हम विमान की तलाश करने की स्थिति में हैं। इसके लिए हमने मलेशियाई सरकार को एक प्रस्ताव सौंप दिया है। एमएच 370 को साल 2018 में दक्षिणी हिंद महासागर में तलाश नहीं करना हमेशा हमारे दिमाग में रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'तब से ही हमने समुद्र में अभियान चलाने पर ध्यान दिया। महासागर में खोज करने के लिए प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा।' साल 2018 में की थी खोज गौरतलब है, कंपनी ने विमान की तलाश के लिए नया प्रस्ताव 'नो फाइंड, नो फीस सर्च' दिया है। ओशन इन्फिनिटी ने आखिरी बार 2018 में लापता विमान को खोजने का प्रयास किया था। रिपोर्ट के अनुसार, मलेशिया के परिवहन मंत्री का कहना है कि उन्होंने नए सबूत साझा करने के लिए महासागर इन्फिनिटी को आमंत्रित किया है। साथ ही वादा किया है कि अगर यह विश्वसनीय होंगे तो वह नई खोज को हरी झंडी दे देंगे। बता दें, मलेशियाई सरकार लंबे समय से कह रही है कि वह विमान के स्थान के बारे में सुराग के बिना एक और नई खोज की अनुमति नहीं देगी।

# 'भारत सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में साउथ कोरिया के साथ करना चाहता है विस्तार'



सियोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर सियोल पहुंचे हुए हैं। बुधवार को वह दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।

#### नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत अधिक रुचि

उन्होंने कहा, 'हम अपने संबंधों को और अधिक समकालीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन, मानव संसाधन गतिशीलता, परमाणु सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन आदि जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत अधिक रुचि रखते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों के विचारों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर समानता बढ़ रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान देना अच्छी बात है और इसमें स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि दोनों की हिस्सेदारी है।

#### हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, 'मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है।

' उन्होंने कहा, 'हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।' बैठक के दौरान जयशंकर ने चो को दिसंबर में विदेश मंत्री नियुक्त होने पर बधाई भी दी।

उन्होंने कहा, 'मैं आपके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

## ताइवान ने श्रम मंत्री की नस्ली टिप्पणी पर भारत से माफी मांगी

ताइपे। ताइवान की श्रम मंत्री सू मिंग चूं के नस्लभेदी बयान पर ताइवान ने आधिकारिक तौर पर भारत से माफी मांगी है। मंत्री ने सोमवार को भारत के साथ हुए श्रम करार पर चर्चा करते हुए कहा था कि ताइवान, भारत के पूर्वोत्तर के ईसाई कामगारों को प्राथमिकता देगा, क्योंकि वे रूप-रंग और खान-पान में ताइवानी लोगों से समानता रखते हैं। भारत ने मंत्री की इस टिप्पणी को नस्लभेदी बताते हुए विरोध जताया था। इसके बाद मंगलवार को ताइवान के विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक माफीनामा जारी किया है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, माफीनामे में कहा गया है कि मंत्री की टिप्पणी खेदजनक है। ताइवान किसी भी प्रवासी कामगार या पेशेवर के साथ उसके रूप-रंग, जाति-धर्म, भाषा और खान-पान के आदतों के आधार पर भेदभाव का पक्षधर नहीं है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार को भरोसा दिया कि ताइवान में सभी भारतीयों के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा। यह विवाद तब सामने आया है, जब पूर्वोत्तर के भारतीय श्रमिकों का पहला समूह अगले 6 माह में ताइवान में प्रवेश करेगा। मंत्री ने कहा था, करार के तहत पूर्वोत्तर भारत के ईसाई कामगारों को देंगे प्राथमिकता श्रम मंत्री सू मिंग चूं से जब पूछा गया कि भारत के साथ श्रमिकों को लेकर हुए करार को लेकर उनकी क्या राय है और इसे किस तरह से लागू किया जाएगा? भारत-ताइवान के बीच सांस्कृतिक फासले का इस पर क्या असर होगा? इसके जवाब में चूं ने कहा, पूर्वोत्तर भारत के लोगों का रंग, खाने के तौर तरीके हमसे मिलते जुलते हैं, साथ ही वे हमारी तरह ही ईसाई धर्म में ज्यादा विश्वास रखते हैं। वे काम में निपुण भी हैं। अतः पहले पूर्वोत्तर के श्रमिकों को भर्ती किया जाएगा। मंत्री ने दी सफाई, कहा- विविधता को दशार्ना चाहा मंगलवार को ताइवानी श्रम मंत्री चूं एक संसदीय सुनवाई में हाजिर हुईं और वहां सोमवार को दिए अपने बयान पर खेद जताते हुए माफी मांगी है। इसके साथ ही कहा कि ताइवान की श्रम नीति के तहत इस तरह के किसी भेदभाव या खास पंसद को महत्व देने की कोई गुंजाइश नहीं है।

## 'मिशेल ओबामा नहीं लड़ेंगी राष्ट्रपति चुनाव', जो बाइडन की जगह ट्रंप से मुकाबले की चर्चाओं को किया खारिज

वॉशिंगटन। मिशेल ओबामा के कार्यालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि जो बाइडन की जगह डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की उनकी कोई योजना नहीं है। मिशेल ओबामा पहले भी कई बार राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने की बात कह चुकी हैं। मिशेल ओबामा ने जो बाइडन और कमला हैरिस को समर्थन देने का एलान किया। मिशेल ओबामा के नाम की चचाएं क्यों हुई थी शुरू दरअसल डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ही नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के दावेदार हैं। हालांकि बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर अमेरिका में कई तरह से कयास चल रहे हैं। यही वजह है कि ऐसी चर्चा चल रही थी कि राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा राष्ट्रपति पद की दावेदार हो सकती हैं। हालांकि अब मिशेल ओबामा के ऑफिस ने बयान जारी कर साफ कर दिया है कि मिशेल ओबामा की राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की कोई योजना नहीं है। मिशेल ओबामा की सलाहकार क्रिस्टल कारसन ने बयान जारी करते हुए मिशेल ओबामा के एक पुराने बयान का जिक्र भी किया, जिसमें मिशेल ओबामा ने ओप्रा विनफ्रे के साथ एक इंटरव्यू में कहा था कि 'वे कभी भी राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगी क्योंकि उन्हें लगता है कि राजनीति उनकी आत्मा में है ही नहीं। मिशेल ओबामा के अलावा बाइडन की जगह लेने के लिए इन नेताओं की भी चर्चा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी के करीब आधे समर्थक जो बाइडन को एक और बार राष्ट्रपति बनाने के पक्ष में नहीं है और वे चाहते हैं कि कोई और नेता जो बाइडन की जगह ले। डेमोक्रेट पार्टी के एक पोल में जो बाइडन की जगह मिशेल ओबामा को चुनाव लड़ाने के समर्थन में 20 प्रतिशत लोग थे।

# चुनाव आयोग के फैसले का नवाज शरीफ की पार्टी को फायदा



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद से सियासी उठा पटक जारी है। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका लगा है, जिसका फायदा पूर्व पीएम नवाज शरीफ को मिला है। दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने हाल ही में खान समर्थित एसआईसी को आरक्षित सीटें देने से मना कर दिया है, जिससे नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। एसआईसी को आरक्षित सीटें देने से इनकार पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सोमवार को 71 साल के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इतेहाद काउंसिल (एसआईसी) को आरक्षित सीटें देने से इनकार कर दिया। आयोग का कहना है कि एसआईसी के पाले वालीं आरक्षित सीटें अन्य दलों को दे दी जाएं। दरअसल, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें अपने नाम की थीं, लेकिन वे बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाए थे। इस वजह से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा कर दी थी कि वे गठबंधन सरकार बनाएंगे। हालांकि, पीटीआई ने पीएमएलएन और पीपीपी द्वारा गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को खारिज कर दिया था।

#### किस पार्टी ने कितनी जीती थीं सीटें

चुनावों में जेल में बंद इमरान खान की पीटीआई पार्टी की ओर से समर्थित उम्मीदवारों समेत कुल 93 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नेशनल असेंबली की सीटें जीती थीं। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं, जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने भी 17 सीटों पर जीत दर्ज की थी। यहां सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में लड़ी गई 265 सीटों में से 133 सीटें चाहिए होंगी। कुल मिलाकर, संसद के निचले सदन की 336 सीटों में से 266 सीटों के लिए चुनाव हुए थे। अन्य 60 सीटें महिलाओं के लिए और 10 सीटें अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित थीं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पिछले महीने हुए आम चुनाव के बाद शुरूआत में 75 सीटों पर जीत दर्ज की थी और उसमें नौ निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हुए थे। इसे महिलाओं के लिए 19 आरक्षित सीटें और अल्पसंख्यकों के लिए चार आरक्षित सीटें आवंटित की गईं, जिससे इसकी कुल संख्या 107 हो गई थी। पीटीआई समर्थित अंतरिम सुरक्षा परिषद (आईएससी) को आरक्षित सीटें देने से ईसीपी के इनकार के बाद तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ नीत पीएमएल-एन को महिलाओं के लिए आरक्षित 20 सीटों में से 15 सीटें और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित तीन सीटों में से एक सीट आवंटित की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 123 सीट के साथ नेशनल असेंबली में नवाज शरीफ की पार्टी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को मिली सीटों की संख्या भी पहले की 68 सीटों से बढ़कर 73 हो गई है। पूर्व वित्त मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के नेतृत्व वाली पार्टी ने शुरू में 54 सामान्य सीटें जीतीं और उसे अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 12 सीटें और महिलाओं के लिए दो सीटें आवंटित की गईं। इसके बाद इसे महिलाओं के लिए आरक्षित चार और अल्पसंख्यकों के लिए एक सीट आवंटित की गई थी। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) पार्टी के नेशनल असेंबली में 22 सदस्य हैं जबकि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के सांसदों की संख्या सात से बढ़कर 11 हो गई है।

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में हुआ भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम

# हिंदी भवन में किया गया प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण

### मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक अतुल गर्ग व मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी रहे मौजूद





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा द्वारा पूरे देश में नारी शक्ति संवाद अभियान चलाया जा रहा है। गाजियाबाद में भी भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति संवाद अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन के सभागार में नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के सम्बोधन को स्व-सहायता समूह, एनजीओ और भाजपा महिला मोर्चा ने स्क्रीन पर सुना। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक अतुल गर्ग, मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में शक्ति वंदन कार्यक्रम में लगी माता बहनों के तन्मयता से लगकर शक्ति वंदन सम्मान समारोह, पद यात्रा, चौपाल, स्कूटी यात्रा आदि के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के प्रचार में जुटे रहने पर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़े क्षेत्र व सरकार के सहयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश हर गांव में हर बहन को लखपति दीदी बनाने का है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं की समृद्धि सम्मान का मार्ग प्रशस्त हुआ है, महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पित योजना के माध्यम से शिक्षा रोजगार आर्थिक दृष्टि समृद्धि की पूरी व्यवस्था निहित है।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देकर महिलाओं का आत्मबल बढ़ाया है। शहर विधायक अतुल गर्ग ने कहा भाजपा जाति धर्म से ऊपर उठकर सर्व जन कल्याण के लिए कार्य करती है। शक्ति वंदन इसका एक और प्रमाण है जिसमें नारी शक्ति ने अपना परिचय घर से बाहर निकलकर स्वावलंबी होते हुए दिया है। नया भारत नारी सशक्तिकरण का भारत है।

भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि अब नारी अपनी शक्ति को पूरी तरह से पहचान गयी है। देश की बहनें अपने आप को मोदी सरकार के सहयोग से निरंतर स्थापित करते हुए आगे बढ़ रही हैं। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम जनपद की तीनों विधानसभाओं सहित महानगर के 20 मंडलों में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अशोक गोयल, सरदार एसपी सिंह, पूर्व महापौर आशा शर्मा, वीरेश्वर त्यागी, अमर दत्त शर्मा , सुनील यादव, प्रदीप चौहान, महानगर कार्यक्रम संयोजक गोपाल अग्रवाल, सह संयोजक रनीता सिंह , मंच संचालक रेनू चंदेला, भक्ति सिंह, सह संयोजक चमन चौहान,मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी , विरेंद्र सारस्वत, राजेंद्र तितौरिया,महिम गुप्ता,ओमदत्त कौशिक, वर्षा हजेला, लवली कौर, पार्षद मिथलेश तितौरिया, पप्पू नागर,नीतू त्यागी , वंदना पांडे, शिरोमणि त्यागी, सुमन सक्सेना, विनीता पाल सहित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हजारों महिलाएं मौजूद रहीं।

## महापौर ने शास्त्री नगर सी ब्लॉक में किया सड़क का शिलान्यास




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 47 के शास्त्री नगर सी-ब्लॉक में सड़क निर्माण के कार्य का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद व भाजपा पार्षद दल के सचेतक अमित त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जब से चुनाव हुए हैं शहर में जरूरी कार्यों को प्राथमिकता दी गई है और आगे भी इसी नीति पर कार्य किया जाएगा, सभी स्थानों पर बराबर विकास किया जाएगा,शहर में विकास हेतु कोई भी स्थान वंचित नहीं रहेगा। इस दौरान सी-ब्लॉक स्थित जैन मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने महापौर का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय धामा, पूर्व किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री साहब सिंह सिरोही, वरिष्ठ नेता अशोक राव, शास्त्री नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंवरपाल चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विवेक नागर, मंडल उपाध्यक्ष औचित्य त्यागी, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री रीता देओल, वार्ड उपाध्यक्ष आशीष चौहान, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र पालीवाल, कशिश मित्तल, अवधेश त्यागी, दिनेश चौधरी, भरत भूषण त्यागी, अधीश वत्स, आकाश गंगावासी, जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीनंदन जैन, उपाध्यक्ष पीके जैन, मंत्री शैलेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष अमित जैन, संयोजक वीके जैन, श्याम किशोर जैन, विजेंद्र जैन, संगीता जैन, प्रियंका जैन, अंजलि जैन, मनीषा जैन, तृप्ति जैन, सुधा जैन एवं अन्य क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### क्षेत्र की जनता ने किया पुष्प गुच्छ मालाओं से स्वागत

**(करंट क्राइम)।** महापौर सुनीता दयाल का क्षेत्र की जनता ने पुष्प गुच्छ व मालाओं से स्वागत कर आभार जताया। पार्षद अमित त्यागी ने बताया कि सड़क बनाने में 9 लाख की लागत आयेगी जिससे हजारों लोगों के आवागमन में हो रही समस्या का समाधान होगा। पार्षद त्यागी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त सड़क लगभग 15 वर्ष पूर्व बनी थी सड़क की गिटटी भी बाहर आ गयी थी। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव के पूर्व दयनीय स्थिति में थी सड़क चुनाव बाद उन्होंने सबसे पहले सड़क बनवाने की बात कही थी जिसको आज महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा पूरा कराया जा रहा है।



## निगम ने मोहन नगर जोन में हटाया अतिक्रमण



### रेहडी पटरी व्यापारियों को किया सचेत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के पांचों जोन में युद्ध स्तर पर अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में, अलग-अलग मार्केट एरिया में अवैध अतिक्रमण हटाते हुए मार्गों को व्यवस्थित कर रहे हैं। इसी क्रम में मोहन नगर जोन अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

मोहन नगर जोन के प्रभारी आर पी सिंह द्वारा लाजपत नगर शनि चौक राजेंद्र नगर में अभियान चलाते हुए रेहड़ी पटरी व्यापारियों से मार्गों को बाधित न करने की अपील की गई तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई हुई। मौके पर पुलिसबल भी उपस्थित रहा। जोनल प्रभारी ने बताया कि मोहन नगर जोन में लगातार अभियान के रूप में अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है कई क्षेत्र वासियों द्वारा भी शिकायत की गई थी कि लाजपत नगर तथा राजेंद्र नगर क्षेत्र में बाजारों में काफी अतिक्रमण है जिसको मौके पर जाकर हटवाया गया तथा व्यापारियों से अपनी सीमा में रहने के लिए कहा गया।

## नगर निगम में बजट फार्मेटिंग को लेकर हुई समीक्षा बैठक

- नगर आयुक्त ने कहा- आर्थिक व्यवस्था करेंगे मजबूत
- विभागों को एक सप्ताह में विकास कार्यों की रिपोर्ट देने के निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के समस्त विभागीय अधिकारियों तथा जनाग्रह एनजीओ के साथ बजट प्रारूप को लेकर एक विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में निगम के बजट फॉर्मेट की समीक्षा की गई।

बैठक में समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिनको नगर आयुक्त के माध्यम से शहर के विकास में कराए जा रहे कार्यों पर होने वाले व्यय तथा निगम को होने वाली आय पर वार्ता की गई। सहायक लेखा अधिकारी जेपी सिंह द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम के बजट फॉर्मेटिंग को लेकर समीक्षा हुई जिसमें जनाग्रह एनजीओ के पदाधिकारी द्वारा बेहतर कार्य करने के लिए अपने मुख्य बिंदुओं को प्रस्तुत किया, जिसमें हर विभाग द्वारा आय व्यय के प्रस्तुतीकरण पर चर्चा की गई। जनहित में किए जा रहे निगम खर्चे से किस क्षेत्र को लाभ पहुंच रहा है इसका विवरण भी बजट फॉर्मेटिंग में विस्तार से लिखे जाने पर चर्चा हुई।

नगर आयुक्त द्वारा बैठक के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों से एक सप्ताह में अपने-अपने विभागों से संबंधित होने वाले विकास कार्यों की प्लानिंग को बजट के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। शहर हित में किस प्रकार बजट को व्यवस्थित करते हुए बेहतर कार्य किया जा सकता है अधिकारियों से नगर आयुक्त द्वारा विचार विमर्श भी किया गया।

आगामी वित्तीय वर्ष का बजट लगभग 2100 करोड़ है जिसके लिए निगम अधिकारी बेहतर प्लानिंग से कार्य करने में जुटे हुए हैं।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, पल्लवी सिंह संपत्ति प्रभारी, सहायक अधिशासी अभियंता एफ जैदी, एमएनएलपी विवेक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांगवान को रालोद प्रत्याशी बनाने पर इंद्रजीत टीटू ने दी बधाई



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से रालोद का प्रत्याशी बनाए जाने पर डॉक्टर राजकुमार सागवान को रालोद के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने भेंट कर बधाई दी। मोदीनगर में मुलाकात के दौरान इंद्रजीत सिंह टीटू ने रालोद प्रत्याशी डॉक्टर राजकुमार सागवान को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा दिलाया कि पंजाबी समाज एकजुट होकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का र्मथन करते हुए श्री सांगवान को देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव जिताकर भेजेगा।

## कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर लखनऊ में भाजपा पार्षदों ने किया स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के योगी मंत्री मंडल में शामिल होने के मौके पर भाजपा पार्षदों ने जमकर जश्न मनाया गया। ओर गाजियाबाद से लखनऊ पर कर खुलकर इजहार किया। इस मौके पर गौरव सोलंकी, नरेश भाटी व राजकुमार भाटी पार्षदों ने कहा कि योगी मंत्री मंडल में साहिबाबाद विधायक के शामिल होने से साहिबाबाद के लाखों लोगों का सम्मान बढ़ाया गया है। साहिबाबाद की जनता लंबे समय से सुनील शर्मा के मंत्री बनने का लक्ष्य अब जाकर साकार हुआ है। विकास को ओर अधिक गति देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में इस बार गाजियाबाद का नाम इतिहास में दर्ज कर जाएगा। इतने रिकॉर्ड तोड़ वोटो से अपने भाजपा के प्रत्याशी को जीतकर भेजेंगे।

## थर्मोकूल बना अजय देवगन की फिल्म शैतान का मीडिया पार्टनर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आने वाली 8 मार्च को प्रदर्शित होने वाली अजय देवगन और आर माधवन की हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान का प्रेमो रिलीज हो गया है। जोकि दर्शकों के रौंगटे खड़े कर देने वाला है। **फिल्मी पंडित इस फिल्म के सुपरहिट होने के क्यास लगा रहे हैं। तथा समरकूल ग्रुप का थमोर्कूल ब्रांड इस फिल्म का मिडिया पार्टनर बना है।** तथा समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार यह फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आने वाली है। इसलिए उन्होंने कहा कि शैतान फिल्म एक सुपरहिट फिल्म साबित होगी।







- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नादिया पार के आलोक में पूर्व पार्षद के विधायक नंबर वन के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद थम नहीं रहे है जज्बात ? सुना है वो किसी से कह रहे थे कि अब तो नंबर वन वालों को सीएम बनता देखने के है मेरे ख़्वाब ? शर्मा जी ने ये कहते हुए दिया अपने शब्दों को नया मोड़ ? कहा 2029 में योगी जी देश के पीएम बनेंगे ? तब हमारे विधायक जी यूपी सीएम की सम्भालेंगे भाग और दौड़ ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नंबर वन वालों के यहाँ पर भगवा सूद का मामला माना जाता है बहुत ही ज्यादा खास ? सुना है जब से शर्मा जी बने है कैबिनेट मंत्री ? तब से मिस्टर सूद के भी शब्द लगातार उगल रहे है आग ? वो कह रहे अब बड़े वाले जनप्रतिंधि भले ही जो जाये रिपीट ? उनके होने या नहीं होने से नही पड़ने वाला है हमको कोई फर्क.? अब हमारे विधायक जी का जलवा जलाल हो गया है ? सुना है जबसे हुई है ये ताजपोशी ? तब से वहाँ के कुछ खास चेहरों का बुरा हाल हो गया है ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** 57 वाले एरिया में मंगलवार को घटना घट गई गंभीर ? सुना है यहाँ पर लपका था भगवा रावत जी ने उड़ता हुआ तीर ? जनरली साहब के निधि से हुए निर्माण कार्य का उद्घाटन करने के लिए वो मौके पर पहुँच गये थे लेकर अपना फेस ? मगर यहाँ पर कांट्रेक्टर ने उन्हें रोक कर दे दिया गजब संदेश ? कहा आप ऐसे इस कार्य का उद्घाटन नहीं कर सकते साहब ? इस कार्य का उद्घाटन या तो खुद साहब करेंगे ? या फिर इस कार्य का नारियल फोड़ेंगी मेयर साहब ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपने प्रिय विधायक के कैबिनेट मे जाने के बाद ? हमने देखा भगवा बजरंगी भैया हाथों से नचा रहे थे आग ? वो बार बार दे रहे थे अपने शब्दों को विशेष रूप से अंजाम ? बोल रहे थे हो गया काम जय श्री राम ? किसी ने कहा, बजरंगी भैया जरा सोच समझ कर लगाओ आग ? वो मुस्कुराकर बोले ? आज तो करूँगा पूरी शिद्दत से दिल की खुशी का इजहार ? आज इस आग से लगानी है मुझे कइयों के दिल में आग ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा सिंह पार्षद के पास है होल्ड वाले टिकट को लेकर पुख़्ता जवाब ? सुना है 100 पार्षदों के बीच इनका जलवे वाला है ठकुराना अन्दाज ? इन्होंने ने शर्त लगाकर कर दी है अपने लोगों से सभी स्थितियां क्लियर ? कह दिया है, कोई शंका और भूल मत पालना साहब ? गाज़ियाबाद से ही फिर चुनाव लड़ेंगे जनरल साहब ? सुना है ठाकुर मेम्बर को बड़े घर से मिला है ये मजबूत संदेश ? कुछ ऐसा ही शब्दों के तीर छोड़ने वाले गुप्ता जी भी कह रहे है ? उन्हें भी बड़े घर से यही संदेश मिला है ? बाकी दिलजले गलतफहमियों में रह रहे है ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ के एक महानमंत्री आजकल एक भगवा दीदी को हद से ज्यादा कर रहे है सपोर्ट ? सुना है लगातार वो भगवा दीदी को दे रहे है संघटन के अधिकतर काम ? दीदी को लेकर उनकी दरियादिली की चचाएँ हो रही है आम? सुना है उनकी इस मेहरबानी से कई भगवा दीदियों को हो रही है बहुत ज्यादा जलन ? सबकी मुराद पूरी करने वाले ये महामंत्री आखिर क्यों एक चेहरे पर हो रहे है हद से ज्यादा मेहरबान ? उठ रहे है ये सवाल बहुत ज्यादा ? इससे पहले कुछ रायता फैले ? उन्हें रखना होगा अपनी महरबानियों पर बहुत ज्यादा ध्यान ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूँ ही नहीं खत्म की है भगवा लीलू ने कमांडर के साथ अपनी लुक और छुप ? सुना है भगवा कमांडर ने दे दिया है इस चेहरे को काफी कुछ ? हमे पता चला है कि लीलू भैया को मिल गया लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी प्रचार व्यवस्था का काम ? अब उनके ही रास्ते से होकर गुजरेगा संपूर्ण प्रचार वाला सामान ? तभी आजकल उनका चेहरा कर रहा उनकी मुस्कुराहट का बहुत ज्यादा प्रचार ? पहले लीलू भैया कार्यालय के बाहर बैठते थे ? मगर अब अंदर आकर देने शुरू कर दिये है उन्होंने अपने दीदार ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ की संगठन वाली दीदी इन दिनों पार्टी के मजबूत चेहरों को दे रही है उपहार ? उनकी इस गिफ्ट गिफि्टंग ने कुछ विरोधियों को दे दिये है नेगेटिव विचार ? कई दिल जले कह रहे है , मैडम उपहार देकर कर जमा रही है सिस्टम पर अपना प्रभाव ? अगर वो ऐसे ही करती रहीं गिफ्ट वितरण तो हो जायेंगी सबकी आदतें खराब ? अगर पड़ गई पार्टी में गिफ्ट वाली परंपरा तो आम कार्यकर्ता कहा जाएगा साहब ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ में अपने मस्तक पर मोटा टीका लगाने वाले टीकाधारी इन दिनों खूब चचाएँ बटोर रहे है यार ? सुना है आजकल वो अपने साथ लेकर चल रहे है सरकारी सुरक्षा ? जिस पर सबकी नजरें टिकी हुई है यार ? तलाशने वाले तलाश रहे हैं इस बात की दास्ताँ ? आखिर कहा से खुला टीकाधारी का गनर लेने का रास्ता ? या तो हुई है उनपर कमांडर की मेहरबानी ? या फिर इस सिस्टम को पाने के पीछे छुपी है कोई और ही कहानी ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कक्का करण को आखिर मिल ही गया सरकारी वाला काम ? सुना है एक मजबूत पार्किंग आ गई है उनके नाम ? पता चला है कि एक पार्षद ने किया है उनके लिये पार्किंग का जुगाड़ ? कहने वाला ने कहा, आखिर काम मिलने में बुराई ही क्या है ? आखिर कार्यकताओं का भी तो होता है घर बार ? हमे उनको पार्किंग मिलने से कोई जलन नहीं ? कम से कम उन्हें हमको मिठाई तो खिलानी चाहिए थी यार ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रिश्तों की डोर संभालने की सलाह बीजेपी नेता सरदार एसपी सिंह दे रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट से संदेश दिया कि रिश्ते इसलिए भी टूट रहे हैं क्योंकि लोग अब टूटना पसंद करते हैं पर झुकना नहीं। सुखी जीवन के लिए अपने रिश्तों की डोर संभालिए। एसपी सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।